हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 27 जून 2024
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री



सिरगिट्टी जनपद प्राथमिक शाला जर्जर स्कूल के मेन दरवाजे पर भरा बारिश का पानी व कीचड़ से होकर जाते बच्चे।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्रों में भर्ती आवेदन 8 जुलाई तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2 एवं सहायिका के 6 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक आवेदिका 8 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदन कार्यालयीन दिवस में बंद लिफाफे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी तथा निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय परियोजना अधिकारी कोटा से प्राप्त कर सकते हैं।

सिविल सेवा परीक्षा

### निःशुल्क तैयारी के लिए पात्रता सूची जारी

**बिलासपुर।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों का चयन परीक्षा के माध्यम से किया जाना है। चयन परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों के रोल नंबर विभाग की वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in में अपलोड कर दिया गया है साथ ही प्रवेश पत्र का प्रारूप भी अपलोड कर दिया गया है। प्रवेश पत्र के प्रारूप को अभ्यर्थियों को स्वयं भरकर पासपोर्ट साईज के फोटो एवं परिचय पत्र (आधार कार्ड या अन्य) जिसमें अभ्यर्थी की व्यक्तिगत जानकारी सही हो इसके साथ परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटे पहले उपस्थित होना है। चयन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र गांधी चौक पुराना हाई कोर्ट के सामने स्थित डेल्टा पब्लिक स्कूल में 30 जून को दोपहर 12 से 2:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। अपात्र अभ्यर्थियों की सूची भी वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।

### उमस ने बढ़ाई परेशानी पारा 36 डिग्री पार

**बिलासपुर।** मानसूनी गतिविधियां भले ही सक्रिय हों, लेकिन पिछले दो-तीन दिनों से बारिश रूक गई है। ऐसे में उमस के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक था। इसी तरह न्यूनतमत तामपान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दिनभर उमस के बाद रात का पारा 29 डिग्री तक पहुंच गया। जो सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा था। इधर मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। 27 जून को गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। इसके अलावा अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकता है। एक जुलाई से वर्षा की मात्रा बढ़ सकती है।

### नाली जाम से सड़क पर फैला किचड़



**बिलासपुर।** वार्ड क्रमांक 58 रानी दुर्गावती नगर एकता कॉलोनी के शिव मंदिर के पास नाली जाम होने के कारण उसका पानी आम रास्ते पर बह रहा है। ऐसे में कॉलोनी निवासियों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल बारिश से पूर्व कॉलोनी और मोहल्लों की नाली-नालियों की सफाई नहीं होने से ऐसी हालत निर्मित हो रही है। ऐसे में जरा सी बारिश होने पर नालियों का पानी सड़कों में बहने लगाता है। जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

# ओयू में डीएलएड करने मारामारी, 24 सौ सीटों के लिए 37 हजार से अधिक उम्मीदवार

## डीएलएड में आए बंपर आवेदन, सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद एकाएक बढ़ा रूझान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में इस सत्र में डीएलएड कोर्स में प्रवेश के लिए इस सत्र भारी मारामारी है और डीएलएड के लिए बंपर आवेदन आए हैं। यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस एजुकेशन के माध्यम से डीएलएड के 2 हजार 400 सीटों के लिए यूनिवर्सिटी को 37 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। डीएलएड में एकाएक रुझान बढ़ने के पीछे मुख्य कारण हाल ही में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला माना जा रहा है, जिसके अनुसार अब बीएड वाले प्रायमरी शिक्षक के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे।

पहले बीएड वाले भी प्रायमरी शिक्षक के लिए आवेदन करते थे और उनका चयन हो जाता था, जिससे डीएलएड करने वाले उम्मीदवार चयन से वंचित रह जाते थे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब बीएड वाले मिडिल स्कूल व हाईस्कूल में होने वाली शिक्षकों की भर्ती के लिए पात्र होंगे और उसके लिए आवेदन करेंगे, जबकि प्रायमरी स्कूलों में शिक्षक पद के लिए डीएलएड वाले ही आवेदन कर सकेंगे। इससे डीएलएड करने वालों को प्रायमरी स्कूल शिक्षक बनने का अवसर मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का असर अब साफ नजर आने लगा है। इस नए सत्र में पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में डीएलएड में प्रवेश के लिए मारामारी मची हुई है। ओपन यूनिवर्सिटी में डीएलएड में प्रवेश के लिए बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण के साथ ही किसी शासकीय या प्राइवेट स्कूल में दो साल टीचिंग का अनुभव होना चाहिए। आवेदन करने के बाद प्रवेश परीक्षा में पास होने पर ही प्रवेश दिया जाता है। ओपन यूनिवर्सिटी में दूरस्थ शिक्षा माध्यम से डीएलएड कराया जाता है और यह दो वर्षीय कोर्स है, जिसमें कुल 2400 सीटें हैं। इन 2400 सीटों के लिए इस बार कई गुना अधिक 37 हजार 17 आवेदन आए हैं। डीएलएड के लिए आवेदनों की संख्या को देखकर यूनिवर्सिटी भी इस बार आश्चर्य में पड़ गई है, क्योंकि एकाएक डीएलएड में पिछले साल की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक आवेदन आए हैं।



### बीएड में कम हो गए आवेदन

ओपन यूनिवर्सिटी में डीएलएड के चलते इस सत्र बीएड में आवेदनों की संख्या पिछले साल की तुलना में काफी घट गई है। पिछले साल यूनिवर्सिटी में बीएड कोर्स में 500 सीटों के लिए 9 हजार 633 आवेदन आए थे, जबकि इस बार उन्हीं 500 सीटों के लिए 4 हजार 123 आवेदन आए हैं। बीएड दो वर्षीय पाठयक्रम है और इसके लिए स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है, साथ ही एनसीआरटी से मान्यता प्राप्त एकवर्षीय डिप्लोमा और दो साल का टीचिंग अनुभव होना चाहिए। इसमें भी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। दूसरी ओर डीएलएड में पिछले बार 2400 सीटों के लिए 13 हजार 460 आवेदन आए थे, वहीं इस सत्र उतनी ही सीटों के लिए 37 हजार 17 आवेदन आए हैं।

### एग्जाम सेंटर बनाने में उलझी यूनिवर्सिटी

डीएलएड में 37 हजार से अधिक आवेदन आने से ओपन यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के लिए सेंटर बनाने में उलझी हुई है, क्योंकि डीएलएड में 37 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए प्रवेश परीक्षा सेंटर भी अधिक बनाने पड़ेंगे। ओपन यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ के 19 जिलों में प्रवेश परीक्षा के लिए 82 परीक्षा सेंटर बनाने जा रही है और यह प्रवेश परीक्षा 28 जुलाई को होगी।

### ओयू ने बढ़ाई प्री बी एड व प्री डी एल एड की परीक्षा तिथि

पं सुंदरलाल शर्मा 'मुक्त' विश्वविद्यालय ने प्री बी एड व प्री डी एल एड की परीक्षा में संशोधन करते हुए इसकी तिथि आगे बढ़ा दी है। अब ये परीक्षा 28 जुलाई को आयोजित की जाएगी। पहले ये परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जानी थी। लेकिन उक्त तिथि को छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजितप्री बी एड व प्री डी एल एड की परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है।

### पहले बच जाती थीं सीटें

डीएलएड के लिए इस सत्र 37 हजार से अधिक आवेदन आए हैं, इससे पहले सीटें बच जाती थी और बाद में प्रवेश ओपन करना पड़ता था, इस बार वैसी स्थिति नहीं है। प्रवेश परीक्षा में मेरिट के आधार ही प्रवेश दिया जाएगा। ऐसा लगता है कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल टीचिंग के लिए बीएड और प्रायमरी टीचर के लिए डीएलएड की पात्रता होने संबंधी आदेश का असर पड़ा है, जिससे डीएलएड करने अधिक लोग आ रहे हैं।

**- प्रो. बंश गोपाल सिंह** कुलपति, पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी

## हंगामा करने वाले दो लोगों को पकड़कर ले गई पुलिस

# मेलापारा में तोड़फोड़ के दौरान निगम की टीम पर पथराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चांटीडीह मेलापारा में तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान बुधवार को लोगों ने हंगामा मचाते हुए निगम अमले पर पथराव कर दिया, इससे जेसीबी का कांच टूट गया। पुलिस ने हंगामा, पथराव करने वाले दो लोगों को पकड़कर ले गई, उसके बाद फिर तोड़फोड़ शुरू की गई। बुधवार को लगभग 100 मकानों पर फिर बुलडोजर चलाया गया।

नगर निगम द्वारा चांटीडीह मेलापारा में लगातार कच्चे मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को भी लगभग 100 कच्चे, पक्के मकानों को निगम की टीम द्वारा ढहाया गया। आज जिन मकानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई, उनमें बहुत से पक्के और बड़े आकार के मकान थे, इसलिए कार्रवाई को लेकर दोपहर में विरोध, हंगामा भी हुआ। हंगामा करने वालों में कुछ लोगों ने निगम टीम पर पथराव भी कर दिया, जिससे तोड़फोड़ कार्रवाई में लगी जेसीबी मशीन का कांच टूट गया। मौके पर उपस्थित पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए विवाद शांत कराया और हंगामा व पथराव करने वालों में दो लोगों को पकड़कर अपने साथ ले गई, इस तरह कुछ देर के लिए तोड़फोड़ कार्रवाई में व्यवधान जरूर पड़ा और विवाद शांत होते ही फिर से कच्चे मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू हो गई।

### जेसीबी का कांच टूटा





जेसीबी से मकानों को तोड़ती नगर निगम की टीम।

### 43 लोगों ने किराए पर दे दिए मकान

चांटीडीह मेलापारा स्लम एरिया में कच्चे-पक्के मकान बनाकर रहने वालों को नगर निगम द्वारा दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए पहले से ही आवास आबंटित किया जा चुका है। यहां के लोगों को अशोक नगर में आवास दिया गया है, लेकिन कुछ लोग अशोक नगर में मिले आवास को किराए पर दे दिए तो कुछ लोग चांटीडीह मेलापारा से शिफ्ट होने के बाद वहां के मकान को किराए पर दे दिए थे। इस तरह के 43 मामले सामने आ चुके हैं। अब जब कच्चे मकानों को तोड़ा जा रहा है तो उन मकानों में किराए पर रहने वाले लोग भी आवास आबंटन की मांग कर रहे हैं।

### मकान बेचने की भी आ रही बात

नगर निगम द्वारा चांटीडीह मेलापारा में कच्चे मकानों को तोड़े जाने की कार्रवाई शुरू होते ही आवास के नाम पर खेल भी सामने आता जा रहा है। आबंटित आवास को किराए पर देने और चांटीडीह के कच्चे मकानों को किराए पर देने का मामला सामने आ चुका है। इसी तरह मकानों को बेचने की चर्चा भी चल रही है। खबर है कि कुछ लोगों ने आवास आबंटित होने के बाद अपने आवास को दूसरे लोगों को पैसा लेकर बेच दिया है।



तोड़फोड़ का विरोध करने वालों को रोकती पुलिस की टीम।

### निगम की गाड़ियों में तोड़फोड़ जुर्म दर्ज, दो गिरफ्तार

चांटीडीह मेलापारा तोड़फोड़ का विरोध कर निगम के गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वाले 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता के द्वारा चांटीडीह में बेजा कब्जा तोड़ा जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने तोड़फोड़ का विरोध करते हुए कर्मचारियों से मारपीट कर पथराव किया। पुलिस ने नगर निगम इंजीनियर सुरेश बरूआ की रिपोर्ट पर चंद्र कुमार तिवारी, गेवीस तिवारी व अन्य के खिलाफ धारा 147, 186, 323, 332, 294, 506, 427 के तहत जुर्म दर्ज कर चंद्र कुमार व गेवीस को गिरफ्तार कर लिया है।

### खाली कराए जाएंगे मकान

चांटीडीह मेलापारा में रहने वालों को अशोकनगर में पहले ही आवास आबंटित हो चुका है, इसलिए उन्हें वहां आवासों में शिफ्ट किया जा रहा है। कच्चे मकानों को तोड़फोड़ की कार्रवाई चल रही है और इस बीच करीब 43 लोगों द्वारा अपना मकान किराए पर देने का मामला सामने आया है, जिसका परीक्षण कराया जा रहा है। अगर कोई दूसरे को आवास बेचा है तो उसे खाली कराया जाएगा।

**- सुरेश बरूआ,** आवास प्रभारी, नगर निगम

### किया गया है पथराव

चांटीडीह मेलापारा में आज तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने निगम टीम पर पथराव कर दिया। इस पथराव में कार्रवाई के दौरान तोड़फोड़ में लगी जेसीबी का कांच टूट गया है। मौके पर पुलिस ने हंगामा करने वाले कुछ लोगों को पकड़ा है।

**- प्रमिल शर्मा,** प्रभारी अतिक्रमण शाखा ननि

# 25 शिक्षकों पर गिरी गाज, 5 बर्खास्त

## 11 के विरूद्ध सेवा समाप्ति की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला शिक्षा अधिकारी ने सालों से नदारद 5 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा कार्यालय से अलग नियोक्ता वाले 11 शिक्षकों के विरूद्ध सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गई है। 9 शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने बर्खास्तगी के आदेश जारी किए है। वहीं अन्य नियोक्ता वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुशंसा की है। दरसल राज्य शासन ने अपने कर्तव्य से अनुपस्थित सरकारी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आदेश पर अमल करते हुए शिक्षा विभाग में लंबे समय से अनुपस्थित 25 शिक्षक और कर्मचारियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। डीईओ टीआर साहू ने बताया कि 3 वर्ष से ज्यादा समय से नदारद रहने वालों की सेवा समाप्ति और तीन साल से कम अवधि वालों के विरूद्ध विभागीय जांच की कार्रवाई की जा रही है।

### इन्हें किया गया बर्खास्त

डीईओ कार्यालय द्वारा बर्खास्त किए गए शिक्षकों और कर्मचारियों में प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला रिसदा मनोरमा तिवारी, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सफेद खदान किरण यादव, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ओखर बसंत कुमार लकड़ा और सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला परसापानी मेघा यादव इसके अलावा भृत्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तिफरा स्टेनली मार्क एक्का शामिल हैं।

- **9 शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच, स्कूलों में लंबे समय से हैं नदारद, कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने की कार्रवाई**

### इन शिक्षकों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा

डीईओ ने 11 शिक्षकों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा की है। इनमें व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल फरहदा अल्का महतो, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भटचौरा हरीराम पटेल, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटियारी रेणुका राय, शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जुनवानी दिव्यनारायण रात्रे, व्याख्याता, शासकीय हाई स्कूल मोढ़े शारदा सिंह, शिक्षक पंचायत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिल्लीबंद बत्तीलाल मीना, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दर्रीघाट नलिनी अग्रवाल, सहायक शिक्षक पंचायत शासकीय प्राथमिक शाला सेंदरी अंकिता सिंह, शासकीय प्राथमिक शाला फोकटपारा बिल्हा रितु लोधी, सहायक शिक्षक पंचायत, शासकीय प्राथमिक शाला गोदईया कृष्ण शरण तिवारी, सहायक शिक्षक पंचायत शासकीय प्राथमिक शाला सोनसाय नवागांव कोटा प्रेमलता पाण्डेय और सहायक शिक्षक पंचायत शासकीय प्राथमिक शाला मनवा राकेश पाण्डेय शामिल हैं।

### इनके खिलाफ होगी विभागीय जांच

9 शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच जांच होगी जिसमें यशवंत कुमार साहू सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक स्कूल डण्डासागर कोटा, मदनलाल श्यामले सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला कुआंजति,शशिकांत यादव भृत्य माध्यमिक शाला सीस विकासखण्ड कोटा,राकेश मिश्रा सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला बेलसरा और अमन गिरी भृत्य पूर्व माध्यमिक शाला लावर, शिव कुमार व्याख्याता एलबी हाई स्कूल बछालीखुर्द कोटा, श्याम सुंदर तिवारी शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला सीपत मस्तुरी, केकती कौशिक शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला महमंद और जनपद बिल्हा की स्थापना के अंतर्गत अंकिता सिंह सहायक शिक्षक पंचायत प्राथमिक शाला सेंदरी शामिल है।

# रात 3 बजे सड़क पर बैठी बछिया पर चढ़ा दी कार

## घटना सीसीटीवी में कैद, बछिया की हो गई मौत, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात कार सवार युवकों ने सड़क किनारे बैठी बछिया को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गौसेवकों ने तारबाहर थाने में जमकर हंगामा मचाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, सरकण्डा बंगालीपारा निवासी गौसेवक शिवांश पाण्डेय ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। मंगलवार की रात 3 बजे कार सवार युवकों ने पहले धीरे धीरे सड़क किनारे बैठी बछिया पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। उसके बाद युवकों ने कार पीछे कर रफ्तार तेज करते हुए बछिया पर चढ़ा दी और भाग गए। हादसे में बछिया की मौत हो गई। पूरी घटना पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बुधवार की सुबह बछिया के मौत की वीडियो वायरल होने पर बड़ी संख्या में गौसेवक बछिया का शव लेकर तारबाहर थाने पहुंच गए और कार सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर सख्ती से कार्रवाई करने की मांग करने लगे। काफी हंगामा के बाद देर शाम पुलिस ने शिवांश पाण्डेय की रिपोर्ट पर वाहन क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 3177 में सवार युवकों के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4 एवं 10 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। एडीशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया, मामले में अपराध कायम कर लिया गया है। एक युवक की पहचान कर ली गई है। पुलिस की दो टीम बनाकर कार सवार युवकों की तलाश की जा रही है।



हादसे के बाद बछिया को लेकर जाते गौसेवक।

# स्टेशन के सामने कार में लगी आग, मचा हड़कंप

## फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार की देर रात बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 के सामने खड़ी एक कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मचने की सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने मौके पर पहुंचने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचित किया, दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

रेलवे ने दो पहिया और चार पहिया वाहन पार्किंग के लिए ठेकेदार को अलग-अलग जगह दिया है। सोमवार को मोपका निवासी अमित चौहान पिता दिनेश चौहान 42 वर्ष अपनी कार क्रमांक सीजी 12 एक्यू 3322 को वीआईपी गेट के सामने खड़ी करने के बाद बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस से बिलासपुर से बुढ़ार गए हुए थे। मंगलवार की देर रात 1 बजे उनकी गाड़ी में अचानक आग लग गई। गाड़ी में आग लगने से स्टेशन के सामने अफरा-तफरी मच गई। आरपीएफ व रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाने कोशिश की। वहीं आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई, जिसके पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया।



रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 पर जलती कार।

### आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के सामने एक माह पहले भी गाड़ी में आग लग चुकी है। मंगलवार को अचानक वीआईपी गेट के सामने खड़ी कार में आग लगने के बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने आग बुझाने का प्रयास तो किया, लेकिन गाड़ी में आग कैसे लगी इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

26 JUNE -BSP- pg- 2_Layout 1 6/27/2024 12:13 AM Page 1



# अरपा को प्रदूषण मुक्त करने 285 करोड़ की योजना निगम ने पेश की, शासन ने कहा- उद्गम स्थल को संरक्षित करने 10 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा पुनरोध्दार मामले में राज्य शासन ने हाईकोर्ट में अपना जवाब पेश कर दिया है। इसमें कहा गया है कि उद्गम स्थल पर 5 एकड़ जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। इसके साथ ही 5 एकड़ जमीन वन विभाग से ली जाएगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अरपा नदी में गंदे पानी को रोकने निगम की योजना के बारे में भी पूछा।

- अरपा के उद्गम स्थल पर बनेगा जल कुंड और स्टाप डेम

इसमें अरपा को प्रदूषण मुक्त करने 285 करोड़ की योजना निगम ने हाईकोर्ट के समक्ष पेश की है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के समक्ष नगर निगम सहित 6 विभागों ने अरपा रिवाइवल प्लान पेश किया। जल संसाधन विभाग की ओर से ईई सतीश सराफ ने एनीकट योजनाओं का प्रस्ताव पेश किया। कोर्ट ने आईआईटी भिलाई की एक्सपर्ट टीम को अगली सुनवाई में तलब किया है ताकि प्रस्तुत किए गए प्लान की वायबिलिटी की जांच की जा सके। हाईकोर्ट के अधिवक्ता अरविंद कुमार शुक्ला और पेंड्रा के रहने वाले राम निवास तिवारी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इसमें अरपा नदी में बाहरमासी पानी रहे और इसके साथ ही उसे सजाने और संवारने के साथ साफ पानी छोड़े जाने की मांग है। दूसरी ओर देखा जाए तो अरपा में प्रदूषण का आलम यह है कि प्रति दिन नदी में 130 एमएलडी से अधिक शहरवासियों के जल मल की निकासी हो रही है। हाईकोर्ट ने अरपा नदी में प्रदूषण को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दो साल पहले शासन को अरपा रिवाइवल प्लान बनाकर कार्य करने के आदेश दिए थे। इसके बाद शासन ने अरपा रिवाइवल प्लान तैयार किया, लेकिन इसमें अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई।



6 विभागों ने हाईकोर्ट में अरपा रिवाइवल प्लान पेश किया

### नाले व नालियों की सफाई 80 फीसदी तक

राज्य शासन की ओर से मामले में कहा गया कि राज्य शासन की योजना नरवा गरुवा घुरुवा व बाड़ी योजना के तहत छोटी व बड़ी नालियों की साफ-सफाई का काम कराया गया है। दो नदियों के बीच जहां मुख्य जल स्रोत होता है यहां नालियां होती है उसे एल वन कहा जाता है। इससे बड़ी नालियों को एलटू और नाले को एल थ्री कहते हैं। ये सभी जहां मिलते हैं उसे बेसिन कहा जाता है। अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि एल वन से एल थ्री तक साफ-सफाई का काम 80 फीसद हो चूका है। शहरी सीमा के अंतर्गत नाली व नाले की सफाई का काम पूरा हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम शेष है। यह भी कहा गया कि शहरी सीमा के अंतर्गत आने वाले एल वन से एल थ्री व बेसिन की सफाई पूरी हो चुकी है।

### नालों के पानी को साफ कर नदी में छोड़ा जाएगा

जनहित याचिका पर निगम की ओर से बताया गया कि निगम एरिया यानी कोनी से दोमुंहानी तक अरपा में पहुंचने वाले सभी नालों के पानी की सफाई के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसमें मुख्यत चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित एसटीपी की क्षमता क्रमशः 17 एमएलडी से बढ़ाकर 40 और 54 से बढ़ाकर 90 एमएलडी करने का टारगेट है। नालों के पानी को नदी में पहुंचने के पहले ही रोक कर एनजीटी के मापदंड के मुताबिक स्वच्छ कर नदी में छोड़ा जाएगा। नालों के पानी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में स्वच्छ करने के बाद एनटीपीसी को बेचा जाएगा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पहले ही रियूज वाटर के इस्तेमाल के आदेश दे रखे हैं। रियूज वाटर की सप्लाई के लिए नगर निगम और एनटीपीसी सीपत के बीच एमओयू होना है, जो 2021 से पेंडिंग है।

### नदी के किनारे 200 बोरवेल इसे बंद करना जरुरी

कोर्ट के सामने यह बात भी सामने आई कि वन अधिकार पट्टा के तहत वन भूमि का आवंटन किया गया है। आदिवासी व वनवासी यहां खेती कर रहे हैं। खरीफ फसल में धान की खेती ले रहे हैं वहां तक ठीक है। रबी फसल में भी धान की खेती ले रहे हैं। इसमें पानी अधिक लगता है। अरपा नदी के किनारे बड़े पैमाने पर वन भूमि में खेती कर रहे हैं। यहां बोर वेल का जाल बिछा हुआ है। खेती के नाम पर भूजल स्रोत और भूजल का बड़े पैमाने पर दोहन कर रहे हैं। 200 के करीब बोर वेल है। नदी के किनारे बोरवेल होने के कारण नदी का जलस्रोत तेजी के साथ सूख रहा है। अरपा के संरक्षण और भूजल स्रोत के संवर्धन के लिए बोरवेल को बंद करना जरुरी है। कोर्ट को बताया कि बोरवेल चलने के कारण अरपा नदी के किनारे के क्षेत्र में आश्चर्यजनक ढंग से 300 मीटर भूजल स्तर नीचे चला गया है। मरवाही की स्थिति को बताते हुए कहा गया कि मरवाही के आधे हिस्से में वर्षा होती है और आधा हिस्सा सूखा रह जाता है। इसका असर भी अरपा के जल स्रोत पर पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### लोकसभा स्पीकर बनने पर केंद्रीय मंत्री तोखन ने ओम बिरला से की भेंट



**बिलासपुर।** केंद्रीय आवास एवं शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू ने बुधवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से उनके आवास में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री साहू ने छत्तीसगढ़ में आवास और शहरी विकास की योजनाओं को गति देने से संबंधित विषय पर विस्तार से चर्चा की।

### कबीर जयंती पर केंद्रीय जेल में पद्मश्री भारती बंधु ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**बिलासपुर।** कबीर जयंती के अवसर पर केंद्रीय जेल बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री भारती बंधु शामिल हुए। श्री भारती द्वारा कबीर भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से जेल में निरूद्ध सभी बंदीगणों को आनंद और भक्ति में भाव विभोर से भर दिया। कार्यक्रम में केंद्रीय जेल बिलासपुर के जेल अधीक्षक खोमेश मण्डावी, प्रभारी उप जेल अधीक्षक श्रीमती कोकिला वर्मा, मदन लाल धुरव, उप अधीक्षक उद्योग एमजी गोस्वामी, सहायक जेल अधीक्षक बृजेश साहू एवं केंद्रीय जेल के सभी स्टॉफ मौजूद थे।

### नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस यातायात पाठशाला का आगाज




**बिलासपुर।** प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के आदेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) नीरज चंद्राकर के निर्देश पर शिक्षण सत्र प्रारंभ होने पर स्कूल- कॉलेज में यातायात की पाठशाला प्रारंभ की गई। नए शैक्षिक सत्र 2024-25 के प्रथम दिवस ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल में यातायात की पाठशाला आयोजित की गई।इसमें यातायात के एडिशनल एसपी नीरज चंद्राकर ने कहा कि जिस प्रकार हम स्वतः कोरोना जैसी महामारी में सचेत होकर अपनी जान की रक्षा की है, ठीक उसी प्रकार हम सभी को सड़क पर उतनी ही गंभीरता से यातायात के नियमों का पालन करना होगा। सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे ने विद्यार्थी समूह को यातायात क्या है, सड़क पर चलने के नियम, यातायात संकेत, सड़क दुर्घटना के कारण एवं निवारण पर प्रकाश डाला। हमेशा यातायात नियमों के प्रति सचेत रहने की सलाह दी।संस्था की प्राचार्य निवेदिता सरकार ने आभार व्यक्त किया। अंत में सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे ने विद्यार्थियों को यातायात के प्रति हमेशा निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में लगभग 400 छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### रेल यात्रा वृत्तांत पर अभा निबंध स्पर्धा लेख भेजने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बिलासपुर।** रेलकर्मियों सहित जनसाधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने व हिंदी के प्रति रुचि उत्पन्न करने एवं रेलवे की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय द्वारा रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना प्रारम्भ की गई है। लेख भेजन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इस योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक रेल यात्रा से संबंधित संस्मरण 'रेल यात्रा वृत्तांत' विषय पर न्यूनतम 3 हजार से अधिकतम 3500 शब्दों में एक निबंध दो प्रतियों में 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), कमरा नंबर 316, काफमो रेल कार्यालय परिसर तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली-110002 पर भेज सकते हैं। इसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 8 हजार रुपए व तृतीय पुरस्कार 6 हजार रुपए एवं 5 प्रेरणा पुरस्कार प्रत्येक के लिए 4 हजार रुपए के पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना में भाग लेने वाले प्रतियोगी को चाहिए कि वे यात्रा वृत्तांत कागज के एक ओर डबल स्पेस में टाइप होना चाहिए, दो प्रतियों में होना चाहिए एवं प्रतियोगी का नाम, पदनाम, आयु, पता कार्यालय/निवास, मातृभाषा, दूरभाष/मोबाइल, ई-मेल आदि का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो। इस पुरस्कार योजना में भाग लेने के इच्छुक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों को घोषणा पत्र देना होगा कि उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है। जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफ न तो किसी भी प्रकार का आपराधिक मामला चल रहा है और न ही वे किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं । यात्रा वृत्तांत हिंदी में और मौलिक होना चाहिए। जिन वृत्तांतों को भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी योजना के अधीन एक बार पुरस्कार दिया जा चुका हो, उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके लिए लेखक को प्रमाण पत्र देना होगा कि उसके लेख को किसी अन्य योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है । कोई भी भारतीय नागरिक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है । यात्रा वृत्तांत भेजने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है।

### खड़गपुर रेल मंडल के सांकराईल-सांतरागाछी में 29 जून से 8 जुलाई तक चलेगा काम

# रेलवे ने 14 ट्रेनें की रद्द, 6 देर से छूटेंगी

- सरेलवे अब तक 130 से अधिक ट्रेनों को कर चुकी है रद्द , यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन से यात्रा करने वालों को एक बार फिर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रेलवे ने एक बार फिर 14 यात्री ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। इसके साथ ही 6 ट्रेनें एक से डेढ़ घंटे देर से रवाना होगी।

रेलवे के अफसरों ने इस बार फिर दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल के अंतर्गत सांकराईल-सांतरागाछी लिंक लाइन को आन्दुल स्टेशन से जोड़ने के काम के चलते इन ट्रेनों के परिचालन को रद्द किया है। अफसरों का कहना है कि यहां 29 जून से 8 जुलाई तक ब्लॉक लेकर काम किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने व यहां से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे अब तक 130 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर चुकी है। ऐसे में ट्रेनों से सफर करने वाले यात्री परेशान हो रहे है। वहीं लगातार ट्रेनों के रद्द होने से जो ट्रेन चल रही है उसपर दबाव बढ़ने के साथ ही ट्रेनों में भीड़ हो रही है।



जो ट्रेनें चल रहीं उसमें यात्री की भारी भीड़ उमड़ रही।

### इन गाड़ियों को किया जा रहा रद्द

4 से 6 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली 18029 एलटीटी- शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
6 से 8 जुलाई तक शालीमार से रवाना होने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
4 से 6 जुलाई तक पुणे से रवाना होने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
6 से 8 जुलाई तक हावड़ा से रवाना होने वाली 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
4 जुलाई को पोरबंदर से रवाना होने वाली 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
6 जुलाई को शालीमार से रवाना होने वाली 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
6 जुलाई को उदयपुर से रवाना होने वाली 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
7 जुलाई को शालीमार से रवाना होने वाली 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
5 जुलाई को पोरबंदर से रवाना होने वाली 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
7 जुलाई को सांतरागाछी से रवाना होने वाली 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
6 जुलाई को कामाख्या से रवाना होने वाली 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
9 जुलाई को एलटीटी से रवाना होने वाली 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
6 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
8 जुलाई तक शालीमार से रवाना होने वाली 12101 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### इन गाड़ियों को देरी से किया जाएगा रवाना

30 जून को पुणे से रवाना होने वाली12129 आजाद हिन्द एक्सप्रेस 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।
1 जुलाई को हावड़ा से रवाना होने वाली 12130 आजाद हिन्द एक्सप्रेस1:30 घंटे देरी से रवाना होगी।
30 जून को ओखा से रवाना होने वाली 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस 1 घंटे देरी से रवाना होगी।
1 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली 12101 शालीमार एक्सप्रेस 1:30 घंटे देरी से रवाना होगी।
5 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली 12101 शालीमार एक्सप्रेस 2:30 घंटे देरी से रवाना होगी।
1 जुलाई को हावड़ा से रवाना होने वाली 12262 दुरन्तो एक्सप्रेस 1 घंटे देरी से रवाना होगी।

### पुणे मंडल में काम के चलते 2 ट्रेनें बीच में रद्द

मध्य रेलवे के पुणे रेल मंडल के अंतर्गत पुनतांबा-कान्हेगांव सेक्शन में नॉन इंटरलोकिंग का काम 29 और 30 जून तक किया जाएगा। इसके कारण 27 जून को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22894 हावड़ा-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस मनमाड़ एवं साईनगर शिरडी के बीच रद्द रहेगी। इसी तरह 29 जून को साईनगर शिरडी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22893 साईनगर शिरडी -हावड़ा एक्सप्रेस साईनगर शिरडी एवं मनमाड़ के बीच रद्द रहेगी।

# सीएमपीडीआई ने मरीजों को बांटे फिनाइल, हैंडवाश व जूट के बैग




**बिलासपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 26 जून को सीएमपीडीआई क्षेत्रीय संस्थान-5 के क्षेत्रीय निदेशक मनोज कुमार और उनकी टीम जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने साफ़ सफाई के लिए एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने फिनाइल, हैंड वाश, साबुन एवं जूट बैग का वितरण किया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियां महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है।

सीएमपीडीआई 5 स्वच्छता पखवाड़े के दौरान एकल उपयोग प्लास्टिक के दुरुपयोग, वर्षा जल संचयन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि के बारे में जागरूकता तथा स्वच्छता अभियान, तालाब की सफाई, अपशिष्ट/ कूड़े का निपटान जैसी गतिविधियां चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता कर रही है। इसके लिए स्कूलों में निबंध लेखन और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहा है। सीएमपीडीआई के आलोक श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ फिनाइल, हैण्ड वाश, साबुन एवं जूट बैग जिला अस्पताल को सौंपा। साथ ही स्वच्छता का जीवन में मूल्य, एकल उपयोग प्लास्टिक के दुरुपयोग, प्लास्टिक प्रदूषण, जूट बैग का उपयोग आदि की जानकारी मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से साझा की। इस अवसर पर डा. अनिल गुप्ता, प्रतीक प्रधान, डॉ. शेफाली कुमावत,वसंत डाहिरे, मनीष दोहरे, सागर सारण आदि मौजूद थे।

### अटल यूनिवर्सिटी में कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से एक नया जॉब पूल होगा तैयार

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा 25 व 26 जून को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं आईओटी एक नवीन तकनीक है जिसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। जिससे कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है।

- सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की एक नई संभावना पैदा होगी

हेल्थ, कृषि, पर्यावरण इत्यादि क्षेत्र जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए कार्य में सरलता एवं गुणवत्ता लाई जा सकती है। वर्तमान में पूरा विश्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरफ देख रहा है। आने वाले वर्षों में एक नया जॉब पूल तैयार होगा। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की एक नई संभावना पैदा होगी। इसके लिए युवाओं को तैयार होना होगा। शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शोध के माध्यम से नई संभावनाओं को तलाशने के लिए इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विभाग द्वारा किया गया। सेमिनार में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ.एचएस होता ने बताया कि विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ एआई की स्थापना की गई है। इससे एआई संबंधी शोध को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के लिए 120 शोध पत्र प्राप्त हुए हैं जिसका प्रेजेंटेशन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सत्रों में किया गया। इलाहाबाद के प्रो. डा. ओपी व्यास ने एआई और प्रोसेस साइंस विषय पर शोध की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने आईआईआईटी इलाहाबाद और विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के मध्य शोध संबंधी संयुक्त प्रयास की पहल भी की। एनआईटी रायपुर के प्राध्यापक प्रो. तृप्ति स्वर्णकार ने एआई के नवीन तकनीक जनरेटिव एआई पर अपनी बातें रखी। छात्रों के शोध संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्रश्नोत्तरी के माध्यम से किया।



प्रेजेंटेशन दिखाते स्टूडेंट।

### उपमुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी को सराहा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हैकाथॉन में प्रदर्शित मॉडल के उद्देश्य को जाना। उन्होंने इस हैकाथॉन अथवा मॉडल प्रदर्शनी को सराहा तथा छात्रों को और अधिक कार्य करने प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी को प्रो. ओपी व्यास तथा रायपुर के विशेषज्ञ डॉ. तृप्ति स्वर्णकार ने छात्रों द्वारा किए गए नवीन कार्य की सराहना की।

### शोध पत्रों का प्रजेंटेशन

सेमिनार के दूसरे दिन 26 जून को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन से शोध पत्रों का प्रजेंटेशन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्रों का प्रजेंटेशन किया। आयोजन के लिए कुलपति, कुलसचिव, डॉ. रश्मि गुप्ता, जीतेन्द्र कुमार, डॉ.श्रिया साहू आदि का सहयोग रहा।

# अटल यूनिवर्सिटी के डा. दीवान को सर्वश्रेष्ठ अधिकारी पुरस्कार



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने परीक्षा नियंत्रक डा. तरुण धर दीवान को सर्वश्रेष्ठ अधिकारी पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार उन्हें प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। डा. दीवान का प्रशासनिक एवं एकेडमिक रिकॉर्ड बहुत ही शानदार है। उन्होंने एमटेक एवं पीएचडी कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, एमबीए, विधि में शिक्षा पूर्ण की है। इससे पहले भी डा. दीवान को प्रशासनिक व अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भारत सरकार, नीति आयोग एवं छत्तीसगढ़ सरकार भी पुरस्कार दे चुकी है। उसमें यंग साइंटिस्ट अवार्ड, बेस्ट इनोवेशन अवार्ड, बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड, 20 से अधिक पेटेंट्स उनके नाम पर रजिस्टर्ड एवं ग्रांट भारत एवं विदेश में है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई एवं विधायक सुशांत शुक्ला, भूपेंद्र सवन्नी, शैलेंद्र दुबे, दुर्ग के कुलपति प्रो. अरुण पलटा, शहीद नंद कुमार पटेल विवि के कुलपति डा. एलके पटेरिया एवं डा. सीवी रमन विवि के कुलपति डा. आरके दुबे एवं सीयू के पूर्व कुलपति डा. सिंह आदि मौजूद थे।

### ब्लड बैंक और दवा स्टोर में जनरेटर का कनेक्शन ही नहीं

# जिला अस्पतालः मोबाइल की रौशनी में कर्मचारी कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में अव्यवस्था खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां मरीजों को उपचार के अलावा अब बिजली बंद होने पर भी परेशान होना पड़ रहा है।

बुधवार की दोपहर यहां लाइट बंद होने के बाद अस्पताल के कई वार्डों में अंधेरा छाया रहा। भले ही यहां जनरेटर हो, लेकिन इसका कनेक्शन भी आधा अधूरा है। दवा दूकान और ब्लड बैंक में तो जनरेटर का कनेक्शन ही नहीं दिया गया है।

ऐसे में डॉक्टरों से ओपीडी में जांच के बाद दवा लेने पहुंचे मरीजों की यहां लाइन थी। लेकिन बिजली बंद होने के कारण अंधेरे में कर्मचारी मोबाईल के टॉर्च को जलाकर दवाओं के नाम पढ़ते और मरीजों को समझाते नजर आए। इसी तरह ब्लड बैंक में भी अंधेरा होने के कारण ब्लड सैंपल जांच करने वालों को परेशान होना पड़ा। इसके अलावा कई अन्य वार्डों में भी अंधेरे के कारण मरीजों और उनके परिजनों को परेशान होना पड़ा।



बिजली गुल होने पर मोबाइल टार्च की रौशनी में काम करते अस्पताल के कर्मचारी।

### घंटों बंद रही बिजली

बुधवार को न तो अंधड़ आई न ही बारिश हुआ इसके बाद भी जिला अस्पताल सहित शहर के नेहरू नगर, 27 खोली, कुदुदण्ड सहित अन्य क्षेत्रों में 3 से 4 घंटे बिजली बंद रही। उमस के बीच घंटो बिजली बंद रहने से लोगों को परेशान होना पड़ा। जबकि नेहरू नगर सहित अन्य जोन में उपभोक्ता अफसरों से संपर्क करते रहे। इसके बाद भी 3 से 4 घंटे तक बिजली बंद रही।

# निगम की टीम ने शहर की सड़कों से 23 मवेशियों को पकड़ा



**बिलासपुर।** निगम की टीम ने बुधवार को हाईकोर्ट रोड समेत शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 23 आवारा मवेशियों को पकड़कर गोठान शिफ्ट किया। पशुओं को खुले में घूमने से रोकने नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा मवेशी मालिकों से अपने पालतू जानवरों को बाहर नहीं छोड़ें, इसके लिए भी समझाइश दी जा रही है। वहीं अप्रैल माह से नगर निगम की टीम ने लगभग 195 अवारा मवेशियों को सड़क से पकड़कर हटाया। आने वाले बरसात के दिनों में कार्रवाई और तेज की जाएगी। रात के अंधेरे में भी मवेशी और राहगीर दोनों सुरक्षित रहें इसके लिए सड़कों से हटाकर गोठान ले जाया जा रहा है इसके अलावा पकड़े जा रहे मवेशियों के गले में सामाजिक संगठनों और निगम कर्मियों द्वारा रेडियम पट्टी बांधा जा रहा है। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर सड़कों को मवेशी मुक्त बनाने विभिन्न स्तरों पर प्रयास जारी है।

### कलेक्टोरेट से हाईकोर्ट तक के लिए दो टीम

नेहरू चौक से हाईकोर्ट तक के लिए दो टीम बनाई गई है जो रोजाना उक्त मार्ग से अवारा मवेशियों को पकड़ने का काम करती है। एक टीम नेहरू चौक से महाराणा प्रताप चौक तक और दूसरी टीम महाराणा प्रताप चौक से हाईकोर्ट तक मवेशियों के पकड़ने से लेकर शिफ्ट करने का कार्य करती है,जिसके लिए दो काऊ केचर रहता है। इसके अलावा प्रत्येक जोन कार्यालय में एक काऊ केचर उपलब्ध कराया है।

बिलासपुर, गुरुवार 27 जून 2024

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



सभी स्कूलों में पुस्तक व यूनिफार्म का किया गया वितरण

# वेलकम बच्चों! स्कूलों में मना प्रवेशोत्सव पहले दिन मस्ती के साथ पढ़ाई

**बिलासपुर।** गर्मियों की छुट्टियां खत्म होने के बाद बुधवार से स्कूल खुल गए। पहले दिन बिलासपुर में शासकीय व निजी सभी स्कूलों में धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूलों में प्रवेश के दौरान बच्चों को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। विद्यालय में शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत पुष्पमाला, रोली कुमकुम लगाकर चरणवंदन के साथ किया। बच्चों को हाथों चॉकलेट देकर, केक कटवाकर, पौधरोपण भी किया गया। बच्चों को पुस्तकें और ड्रेस भी बांटी गई। स्कूल खुलने का उत्साह बच्चों में अलग ही दिख रहा था। पहले दिन स्कूलों में मस्ती के साथ पढ़ाई की शुरूवात की गई। बता दें कि भीषण गर्मी और लू के कारण 22 अप्रैल से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां घोषित की गई थी। बढ़ती गर्मी की वजह से 26 जून से शाला प्रवेश की शुरूवात की गई है, जो 15 जुलाई तक जिले के विभिन्न स्कूलों में मनाया जाएगा।

### सेजस मल्टीपरपज में मनाया गया उत्सव



गांधी चौक स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों के स्कूल प्रवेश पर उत्सव मनाया गया। सभी बच्चों का स्वागत किया गया और बच्चों को स्कूल आने पर तिलक लगाकर उन्हें आगामी नए सत्र में पढ़ने की शुभकामनाएं शिक्षकों ने दी।







### एवीएम में फूलों से बच्चों का किया स्वागत



कोनी स्थित सैनिक आधारशिला विद्यामंदिर में पहले दिन छात्र-छात्राओं का फूलों से स्वागत किया गया। बच्चों ने उत्साह से स्कूलों में प्रवेश किया। अभिभावक भी पहले दिन बहुत उत्साहित थे। छोटे बच्चों को स्कूल जाते देख वे बेहद खुश थे।

### शिक्षा विभाग ने मनाया प्रवेशउत्सव

शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों को प्रवेश देने के साथ ही तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर बच्चों को निःशुल्क गणवेश और पुस्तकों का भी वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने बताया कि शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। आगामी सप्ताह जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन भी किया जाना है।

### जनप्रतिनिधियों ने किया पुस्तकों का वितरण

इस अवसर पर जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों की आरती कर, तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा किया गया और औपचारिक प्रवेश देने के साथ-साथ सभी बच्चों को पुस्तकों का और विद्यालय गणवेश का निःशुल्क का वितरण किया गया।

### बच्चों को स्कूल तक लाने घर-घर जाएंगे शिक्षक

शासन ने पहले से ही स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों को कह दिया है कि इस बार कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे, इसके लिए शिक्षकों को घर-घर जाकर संपर्क करने को कहा गया है। शाला प्रवेश उत्सव 15 जुलाई तक चलेगा। इस बीच शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल में पदस्थ शिक्षक अपने-अपने क्षेत्र के गांव-बस्ती और मोहल्ले में जाकर अभिभावकों को समझाइश देने के साथ ही बच्चों को स्कूलों भेजने प्रोत्साहित करेंगे।



### जेडी सहित अफसरों ने किया निरीक्षण

नए शिक्षण सत्र के पहले दिन स्कूल शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक आरपी आदित्य सहित अन्य अफसरों ने अलग-अलग स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान नए प्रवेशी बच्चों को पुस्तकों का वितरण किया गया। स्कूल प्रबंधन से स्कूलों के समस्या के बारे में चर्चा की। इसके साथ ही जर्जर स्कूलों के मरम्मत के संबंध में निर्देश दिए।

### जिले में स्कूल की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| कुल शासकीय-प्राइवेट स्कूल | - | 1842 |
| शासकीय प्राथमिक शाला | - | 1113 |
| शासकीय मिडिल स्कूल | - | 518 |
| हाई स्कूल | - | 123 |
| हायर सेकेंडरी | - | 104 |
| कुल आत्मानंद स्कूल | - | 34 |
| अंग्रेजी माध्यम | - | 21 |
| हिंदी माध्यम | - | 13 |

## श्रध्दांजली

### वन्दे मातरम मित्र मंडल ने कारगिल के शहीदों को किया नमन



**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल का 103 मित्रों का जत्था द्रास पहुंचा, जहां उन्होंने कारगिल बार मेमोरियल के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आर्मी ऑफिसर मनोज ने कारगिल युद्ध में भारतीय फौज द्वारा किए गए शौर्य एवं पराक्रम की गाथाओं को मित्र मंडल के समक्ष सजीव कर दिया। किस प्रकार माइनस 65 डिग्री तापमान में हमारे वीर सपूतों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर पाकिस्तानी सैनिकों से कारगिल की चोटियों को मुक्त कराया बड़ा असंभव कार्य हमारी फौज ने कर दिखाया। वन्दे मातरम मित्र मंडल के संयोजक महेन्द्र जैन ने बताया कि आर्मी ऑफिसर मनोज ने उन दुरूह चोटियों को भी दिखाया जो बारह माह बर्फ से ढंकी रहती हैं, जिसमें टाइगर हिल भी शामिल है जिस पर चढ़ना बढ़ा मुश्किल कार्य है एवं जिस पर दुश्मन देश ने कब्जा कर लिया था। ऊपर दुश्मन एवं उस पर चढ़ाई करना साक्षात मौत को आमंत्रण देना था जो हमारे बहादुर जवानों ने अपने प्राण न्यौछावर कर भी पूरा किया। कारगिल बार मेमोरियल में पाकिस्तानी फौज से जब्त किए गए हथियार, शहीद जवानों के फोटो ग्राफ्स, अंत समय में अपने माता पिता परिजनों को भेजे मार्मिक पत्र सभी मेमोरियल में देखने पढ़ने को मिले। बार मेमोरियल एक अद्भुत एवं देश प्रेम की भावना भरने बाला अनोखा संग्रहालय जिसे जरूर देखना चाहिए। एक बार जहां देखने पर आंखें नम हो जाती हैं वहीं दूसरी ओर देश प्रेम का जज्बा उफान भरने लगता है।

## प्राण प्रतिष्ठा

### उसलापुर में श्याम बाबा के शीश विग्रह का भव्य स्वागत



**बिलासपुर।** नवनिर्मित श्री श्याम मनोहर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हेतु श्री खाटू धाम से लाए गए पवित्र श्री श्याम शीश, विग्रह, श्री श्याम ज्योति एवं श्री नानकचंद अग्रवाल, रेखा अग्रवाल के नेतृत्व में आए श्याम परिवार अकलतरा के श्रद्धालुओं का पुष्प माला से भव्य स्वागत किया गया। ढोल ताशे, पटाखे से पूरा उसलापुर गूंजायमान हो गया। बैंकर्स क्लब बिलासपुर के समन्वयक ललित अग्रवाल, उनकी पत्नी निशा अग्रवाल, पुत्र बहू मोनिका निलेश अग्रवाल, हनी मयंक अग्रवाल, पौत्र रुद्रांश व कृष्ण, शुभम विहार कल्याण समिति के अध्यक्ष आखिलानन्द निलेश अग्रवाल, सविता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित थे। समाज के सभी लोगों में काफी उत्साह रहा।

**ढोल ताशे, पटाखों से गूंजायमान रहा स्टेशन**

**आज ले जाया जाएगा नवनिर्मित मंदिर :** गुरुवार 27 जून को प्रातः 9 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर अकलतरा से बाजे-गाजे के साथ बाबा श्याम के नवनिर्मित मंदिर तक ले जाया जाएगा। श्री श्याम परिवार अकलतरा के नानकचंद, रेखा अग्रवाल, नरेश केडिया, राजेन्द्र शर्मा, श्याम अग्रवाल, सुनील लिखमानिया, विजय गुप्ता, मनोज अग्रवाल, दीपक लिखमानिया, राजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, शिव भोजासिया, प्रशांत, विक्की शर्मा, संतोष अग्रवाल, गोपेश तुलस्यान, मामचंद, कामेश झाझडिया, शिव नारायण अग्रवाल, अंकुल लिखमानिया, अनिमेष, अतुल केडिया, यश, चिराग अग्रवाल, मेहुल गर्ग, अनुग्रह गोयल, संस्कार गुप्ता, शौर्य भोजासिया, राघव अग्रवाल ने श्री श्याम बाबा के पवित्र शीश एवं विग्रहों के भव्य स्वागत हेतु बिलासपुर के श्याम प्रेमियों का आभार व्यक्त किया एवं नवनिर्मित श्री श्याम मनोहर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हेतु 7 से 12 जुलाई तक कृष्ण चंद्र शास्त्री के सानिध्य में होने वाले पूजन उत्सव के सहभागी बनने श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया।

## तीर्थयात्रा

### शहर के श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए हुए रवाना



**बिलासपुर।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने जा रही है। इसमें भाग लेने शहर के श्रद्धालुओं ने बुधवार को जम्मू तवी एक्सप्रेस से अमरनाथ के लिए रवाना हुए। यह यात्रा 29 जून से पहलगाम से शुरू होगी और 2 जुलाई को यहां के श्रद्धालु बाबा अमरनाथ के दर्शन करेंगे। अमरनाथ यात्रा पर जा रहे तोरवा पावर हाउस निवासी आशुतोष शर्मा ने बताया कि उनके पिताजी सतीश शर्मा द्वारा 1995 से अमरनाथ यात्रा की शुरूआत की गई है। इसे आगे बढ़ाते हुए शहर के तोरवा, देवरी खुर्द, तेलीपारा, हेमूनगर, डिपूपारा सहित अन्य जगहों के लोग आज भी अमरनाथ यात्रा के लिए हर साल जाते हैं। अमरनाथ यात्रा का यह चौथा वर्ष है। उन्होंने बताया कि बर्फानी बाबा दर्शन का बहुत ही सुखद अनुभव रहता है। दर्शन के बाद लगता है कि वास्तव में यहां बाबा विराजमान हैं।

**2 जुलाई को होगा बाबा अमरनाथ का दर्शन**

**रहती है पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था :** श्री शर्मा ने बताया कि उनके ग्रुप के सदस्य विगत चार साल से अमरनाथ यात्रा पर जा रहे हैं, पर उन्हें रास्ते में आज तक कोई परेशानी नहीं हुई है। सेना का पहरा एवं सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहता है। पहले माता वैष्णव फिर बर्फानी बाबा का दर्शन करेंगे। सावन के महीने में 45 दिन की इस यात्रा में लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। आज बिलासपुर से 25 से अधिक श्रद्धालु का पहला जत्था अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा जाने वालों में आशुतोष शर्मा, श्री राजपाल, राज शर्मा, विवेक शर्मा, पवन अग्रवाल, प्रकाश शुक्ला, शंकर लाल अग्रवाल, विक्की शर्मा, वेंकट सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

# नशे का दुष्प्रभाव बताकर नशा न करने कराया गया संकल्प

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर बुधवार को शहर में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशा नहीं करने जागरूक किया गया। चेतना अभियान के तहत मंगला चौक में एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। ब्रम्हाकुमारीज बहनों ने पुलिस ग्राउंड में विक्रांत व कृष्णा फिजिकल अकादमी के बच्चों को नशे का दुष्प्रभाव बताकर नशा न करने का संकल्प कराया। शनिचरी बिलासा चौक, रपटा में भी नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।

**बिलासपुर।** नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य में टेलीफ़ोन एक्सचेंज रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज बिलासपुर के मुख्य सेवा केन्द्र राजयोग भवन एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र की संचालिका स्वाति दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिखाई गई "राजयोगी जीवन शैली" द्वारा मानव हर प्रकार की बुराइयों से छूटकारा प्राप्त कर सकता है। राजयोग के अभ्यास से व्यक्ति में आत्म सम्मान की वृद्धि होती है तथा वह स्वयं में सशक्त अनुभव करता है। राजयोग ध्यान विचारों को सकारात्मक दिशा में प्रवाहित करने की एक व्यवस्थित तकनीक है।



अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर शहर में हुए अनेक आयोजन

### निकोटिन है धीमा जहर

स्वाति दीदी ने बताया कि तंबाकू में ऐसे तत्व होते हैं, जो कैंसर की कोशिकाओं को जन्म देते हैं। इसमें पाया जाने वाला निकोटिन धीमा जहर है। नशे से हमारा डीएनए तक प्रभावित होता है। इससे आने वाली पीढ़ी में कैंसर होने के खतरे बढ़ जाते हैं। हमारे हार्ट की खून ले जाने वाली धमनियां में एंडोथीलियम होती है और सिगरेट पीने से उसमें कोलेस्ट्रोल चिपकना शुरू हो जाता है जो हार्ट अटैक का कारण बनता है। प्रतिवर्ष हमारे देश में 44 लाख लोगों की मृत्यु हार्ट अटैक के कारण होती है। युवा धन नशे से मुक्त रहकर सशक्त बने, यह हमारा दायित्व है। यदि हमने युवा पीढ़ी को नहीं बचाया तो आने वाले भारत के भविष्य को नहीं बचा पाएंगे।

### रैली निकाल कर लगाए नारे

हरिहर आक्सीजोन एवं सक्षम संस्था ने मिलकर नशा मुक्ति दिवस पर वृहस्पति बाजार से देवकीनंदन चौक तक एक जागरूकता रैली निकाली। इसमें दारू बोतल छोड़, शीशी बोतल तोड़ दें, अतुलनीय बिलासपुर, सुरक्षित बिलासपुर, खून का एक बूंद सड़क पर न पड़े के नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर भुवन वर्मा, शंकर यादव, ममता गुता, मोना बोड़के, शेफाली निर्मल कुमार घोष सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### नशे में न चलाएं गाड़ी

मंगला चौक में दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें यातायात विभाग के अधिकारी उमाशंकर पाण्डेय ने नशा नहीं करने लोगों को जागरूक किया और कहा कि गाड़ी चलाते समय नशा नहीं करें। नशा दुर्घटना का कारण बनता है। सड़कों में मवेशियों को न छोड़ें। इससे भी दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। इस आयोजन में सक्षम के सदस्यों ने भी भाग लिया। इसमें शेफाली निर्मल कुमार घोष, रेखा मदन मोहन गुल्ला, पूनम पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, सुनीता दास गुप्ता, रामकली तिवारी शामिल रहीं। इन्होंने भी नशा नहीं करने एवं यातायात नियमों का पालन करने को लेकर अपने विचार रखे।

### नशा मुक्ति व ट्रैफिक नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम



रोटरी बिलासपुर क्वींस ने बिलासपुर पुलिस के सहयोग से सीएमडी चौक में चेतना मुहिम के अंतर्गत नशा मुक्ति एवं ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक नीरज चंद्रकार, ट्रैफिक एसआई उमाशंकर पांडेय, सीएमडी कॉलेज के डायरेक्टर संजय दुबे, रोटेरियन चंचल सलूजा मौजूद रहे। सड़क सचेतता पहल का शुभारंभ क्वींस की कारों पर वचन स्टिकर्स लगा कर किया गया। वाहन चालकों एवं न्यू जनरेशन के सौ कार्यरत स्टाफ को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस प्रकार की पहल से दूसरों को सड़क पर ज्यादा सावधान और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देने में सक्षम हो सकते हैं। नशा मुक्ति के मार्ग भी बताए गए। इस मौके पर न्यू जेनेरेशन के डेरेक्टर विशाल मंकनि एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंचल अगिचा अध्यक्ष, शिल्पी चौधरी, संगीता चोपड़ा, भावना चोपड़ा, मनीषा जायसवाल, भारती सालुंके उपस्थित थे।

## एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 6 सौ से अधिक कैडेट्स हैं शामिल

# कैडेट्स को दिया जा रहा नेतृत्व क्षमता, साहसिक कार्य, सैन्य प्रशिक्षण

**कार्नर न्यूज**

7 सीजी बटालियन बिलासपुर, 28 सीजी बटालियन रायगढ़, 1 सीजी बटालियन कोरबा, एनसीसी के जेके इंजीनियरिंग महाविद्यालय गतौरा बिलासपुर में 10 दिवसीय एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 600 से अधिक कैडेटों ने भाग लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिविर के उद्घाटन अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार राय ने भाषण दिया एवं कैडेटों को प्रेरित किया। शिविर में 7 सीजी बटालियन बिलासपुर की सीएम दुबे महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा वर्ष 2024-25 में की गई सभी गतिविधियों का सारांश प्रदर्शित किया गया। सीएम दुबे महाविद्यालय बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि एनसीसी कैडेटों के नेतृत्व कौशल को बेहतर बनाने और उनके चरित्र गुणों को बढ़ाने के लिए माउंटेन ट्रेक्स व अभियान, ट्रेंकिंग, पैरासेलिंग, सेलिंग, स्कूबा ड्राइविंग, कयाकिंग, कैमल सफारी सहित कई साहसिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर दिया जाता है। विभिन्न एनसीसी शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसमें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, बुनियादी नेतृत्व शिविर, प्री-गणतंत्र दिवस शिविर, उन्नत नेतृत्व शिविर, हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान दार्जिलिंग में पाठ्यक्रम, पैरा ट्रूपर्स कैंप आदि शामिल है। एनसीसी का मुख्य फोकस कैडेटों की आत्मा में अनुशासन पैदा करने के अलावा रैंकों के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना एवं राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों के लिए भावी अधिकारी तैयार करना है। राष्ट्रीय कैडेट कोर अपनी तरह का एकमात्र संगठन है, जो देश के 15 लाख से अधिक युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन, एकीकरण, साहसिक कार्य, सैन्य, शारीरिक और सामुदायिक विकास प्रशिक्षण प्रदान करता है। कैंप सीनियर जेसीओ सूरज कश्यप सीएम दुबे महाविद्यालय ने शिविर में कड़ी मेहनत की। शिविर का समापन 1 जुलाई को होगा।

### बख्तरबंद के संबंध में दी गई जानकारी

ब्रिगेडियर बी.के. चौहान ने पूरे कैंप का निरीक्षण किया। सभी एनसीसी ऑफिसर और एनसीसी बटालियन के आधिकारियों और कैडेट्स से मिले और उनसे चर्चा कर 0.22 राइफल को जोड़ने, खोलने और साफ करने के बारे में बताया। पैदल सेना, तोपखाने और बख्तरबंद के बारे में भी जानकारी दी। एनसीसी अधिकारी ले. आशीष शर्मा, अशोक कुमार नागपुरे, रविराज आडिल, नंदकिशोर पटेल, मो. जफर, रोहित लहरे ने कैडेटों को संचार कौशल में सुधार, स्वास्थ्य और स्वच्छता बनाए रखने, ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### रश्मि ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की



**सकरी।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से रश्मि शर्मा ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉक्टर मनेंद्र मेहता के मार्गदर्शन में पूरा किया। उनके शोध का विषय ₹स्टडी ऑफ एनर्जी ट्रांसफर मेकैनिज्म इन बोरेट बेस्ड फास्फोर फोर थर्मोल्यूमिनिसेंस डोसीमेट्रिक मटेरियल्स₹ था। रश्मि शर्मा जांजगीर निवासी राजकुमार दुबे की पुत्री एवं देवेंद्र शर्मा की पत्नी हैं। वे वर्तमान में सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र के पद पर स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज अटारी रायपुर में पदस्थ हैं।

### जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा 30 को

**मुंगेली।** जिला स्तरीय जूनियर आयु 19 वर्ष शतरंज चौम्पियनशिप का आयोजन 30 जून रविवार को राइजिंग स्टार्स किड्स स्कूल पुराना बस स्टैंड के पास प्रातः 9 बजे से आयोजित है। स्पर्धा का आयोजन जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चौंपियनशिप मुंगेली में आयोजित स्पर्धा में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह चेयरमैन विजय वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशिष मिश्रा, उपाध्यक्ष नरेश केशवानी सचिव ओमप्रकाश, वरिष्ठ सदस्य रामकुमार बघेल, युगल राजपूत, कामता सिंह कुर्रे, अरविंद पांडेय, अशोक यादव, अजय बघेल एवं मोहिंदर वर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

### अपहरण के 48 प्रकरणों में पुलिस को मिली सफलता

**मुंगेली।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थानों/चौकियों में अपहरण के दर्ज प्रकरणों में बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत अपहताओं के बरामदगी और आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु जिला मुंगेली से अलग-अलग टीम गठित की गई। वर्ष 2024 में जिला मुंगेली में अपहरण के प्रकरणों में साइबर सेल के सहयोग से 48 प्रकरणों में आरोपी एवं अपहता को देश के विभिन्न राज्यों- पूणे (महाराष्ट्र), हैदराबाद (तेलंगाना), हरियाणा, सुरत (गुजरात), लखनऊ (उत्तरप्रदेश), बैंगलूरू (तमिलनाडू) एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से अपहताओं के बरामदगी एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

## निधन

### लखन लाल पटेल



**तखतपुर।** भथरी निवासी लखन लाल पटेल 85 वर्ष का 23 जून को निधन हो गया। वे विजय, बिहारी पटेल, विमला पटेल, रूखमणी पटेल, कल्याणी पटेल, संतोषी पटेल, किरण पटेल के पिता एवं सीताराम पटेल, सिद्धराम पटेल, संतोष पटेल के चाचा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भथरी में किया गया।

### शीला देवी



**बिलासपुर।** मेनरोड तोरवा होटल इंटरसिटी के पास रहने वाली शीला देवी का निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 27 जून गुरुवार सुबह 11 बजे तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गोवर्धन दास उभरानी की पत्नी एवं स्व. विजय उभरानी (पप्पू) की मां तथा नवीन, मनीष, राहुल, अभिनव, करण, आशीष, धैर्य, मोहित उभरानी की दादी थीं।

---

सर्वदलीय मंच के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# सकरी नगरवासियों की मांग पर गंभीरतापूर्वक होगा विचार: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

नगर निगम से सकरी को पृथक कर स्वतंत्र नगर पालिका बनाने के लिए सर्वदलीय मंच के प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात की।

- सकरी को नगर पालिका बनाने की उठी पूरजोर मांग

विधायक धर्मजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष बीआर महोबिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने श्री साव को बताया कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बिना आमसहमति के सकरी नगर पंचायत को नगर निगम में शामिल कर दिया गया जिसका स्थानीयजनों ने व्यापक विरोध किया था। जिसे अनसुना कर जबरदस्ती नगर पंचायत का विलय नगर निगम बिलासपुर में कर दिया नगर पंचायत की व्यवस्था से लोग संतुष्ट थे लेकिन निगम में जाने के बाद टैक्स में भारी वृद्धि किया गया जिससे आमजनों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। व्यवस्था,मूलभूत सुविधा के लिए आमजनों को भारी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने कहा कि नगर निगम के व्यवस्था से अच्छा तो ग्राम पंचायत में व्यवस्था था इसलिये हमारे सकरी नगर को नगर पालिका परिषद का दर्जा दिए जाने की जन आकांक्षा है। प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि आप लोगो की मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा सभी पहलुओं का अध्ययन कर उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय लिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में राजेश तिवारी, दरस पनिक, धर्मेश दुबे, सूरज मिश्रा, जितेन्द्र सूर्यवंशी, राकेश तिवारी, निलेश सिंह, अमर गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, मनीष तिवारी शामिल थे।




सर्वदलीय मंच के प्रतिनिधियों से मुलाकात करते डिप्टी सीएम।

---



### देवरिया पारा तालाब का गहरीकरण पचरी का कराया गया निर्माण

**करगी रोड कोटा।** देवरिया पारा स्थित तालाब से वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 5, 9, 10 के निवासी द्वारा निस्तारी कर जीवन यापन व पिंड दानकर प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा करते रहे है। वार्डवासियों के सहयोग से मुखी राम साहू, रूना देवी साहू की स्मृति में पार्षद अमरनाथ साहू ने तलाब का गहरीकरण व दो पचरी का निर्माण कराया। तथा मंदिर के रखरखाव के साथ शेड निर्माण हेतु एक लाख पार्षद निधि से व्यय करने की घोषणा की। तत्पश्चात हनुमान मंदिर में वेंकट लाल अग्रवाल जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की उपस्थित में हवन, पूजा, पाठ संपन्न हुआ 1 पार्षद ने बताया कि उनके प्रयास से 35 लाख रुपए तलाब का सौंदार्यीकरण करने निविदा हेतु प्रस्तावित है। जो वर्षा ऋतु के बाद मूर्त रुप लेगा। मोहल्ला समिति एवं जनप्रतिनिधियों ने अमरनाथ साहू पार्षद का आभार व्यक्त कर स्वागत किया1 इस अवसर पर वेंकटलाल अग्रवाल, अमरनाथ साहू, कैलाश गुप्ता, लखन पार्षद, गिरिराज गोस्वामी, कमल आहूजा, किशन साहू, आदिल खान, व कार्यकर्ता उपस्थित थे 1

---

# मेन गेट खुला देख बाल संप्रेक्षण गृह से दो अपचारी हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रिस्दी में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल संप्रेक्षण गृह से बुधवार की सुबह 2 बजे अपचारी बालक संप्रेक्षण गृह का मेन गेट खुला देख ड्यूटी में तैनात नगर सैनिक को चकमा देकर फरार हो गए हैं, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है। दोनों अपचारी बालक पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के निवासी बताए गए हैं। घटना की सूचना विभाग द्वारा पुलिस को दी गई है।

अवैद्यानिक कार्यों, गतिविधियों में संलिप्त नाबालिग अपचारी बच्चों के सुधार के लिए छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं वाल विकास विभाग द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह का संचालन किया जा रहा है, जहां 43 बच्चे रखे गए हैं, जिनमें दो बच्चे बुधवार की सुबह फरार हो गए हैं। जिले के नगर निगम के वार्ड रिसदी में बाल संप्रेक्षण गृह का संचालन किया जा रहा है। जहां से बुधवार की सुबह दो अपचारी बालक बाल संप्रेक्षण गृह का मेन गेट खुला देखा और भागने की योजना बनाकर ड्यूटी में तैनात नगर सैनिक को चकमा देते हुए सुबह 8.30 बजे फरार हो गए। जैसे ही इसकी जानकारी बाल संप्रेक्षण गृह के अन्य कर्मचारियों को लगी तो उनमें हड़कंप मच गया और आसपास खोजबीन कर सम्प्रेक्षण गृह के अन्य बच्चों से इस संबंध में जानकारी लिए जाने पर बच्चों के फरार होने का मामला सामने आया, जिसकी सूचना सम्प्रेक्षण गृह के कर्मचारियों ने परियोजना अधिकारी बजरंग सांडे को दी। मौके पर अधिकारियों ने पहुंचकर घटना का ब्यौरा लिया तो यह पाया कि सुबह 8.30 बजे के लगभग ड्यूटी में तैनात नगर सैनिक द्वारा मेनगेट खोलकर रखा गया था।

#### मेन गेट खोलकर बैठा था गार्ड

गार्ड द्वारा गेट खुला रखने की वजह से मौके का फायदा उठाकर दो अपचारी बच्चे संप्रेक्षण गृह से फरार हो गए हैं। स्थानीय पुलिस के अलावा संबंधित थानों को इसकी सूचना दे दी गई है एवं नगर सेनानी को भी इस मामले से अवगत करा दिया गया है।

-बजरंग सांडे,
प्रभारी अधीक्षक बाल संप्रेक्षण गृह रिसदी

---

# कृषि मंत्री नेताम से मिला सर्व आदिवासी समाज



कृषि मंत्री नेताम के साथ सर्व आदिवासी समाज के लोग।

**बोदरी।** सर्व आदिवासी समाज परिक्षेत्र दक्षिण बिल्हा के पदाधिकारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, जिलाध्यक्ष शिवनारायण चेचाम की अगुवाई में मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री नेताम को बिल्हा में आयोजित होने वाले गोंडवाना साम्राज्य के गढ़ मण्डला के महारानी दुर्गावती मंडावी के बलिदान दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया। जिस पर श्री नेताम ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए 7 जुलाई दिन रविवार का समय दिया है। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रभाग सुभाष परते, जनपद पंचायत बिल्हा अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र जोगी, संरक्षक, पूर्व मंडी अध्यक्ष डॉ कुमत जगत, चक अध्यक्ष मुरकुटा रामनाथ कतलम, शिवराम मरावी, ढेलू राम ध्रुव, संतोष चेचाम, प्रेमसागर मरकाम, महासिंह नेताम, सुरज मरकाम, मोहन मरावी, श्रवण कुमार छेदैहा, कमल किशोर मरावी, महेश ध्रुव, दाउराम मरावी, विजय जगत, अमृत मरावी, लक्ष्मण मरावी आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्शन के लिए पहुंचे एजेंट के साथ मारपीट

**तखतपुर।** कलेक्शन के लिए पहुंचे एजेंट के साथ आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार मोहतराखुर्द निवासी कलीराम निषाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह 25 जून को कलेक्शन के लिए बांधा गया हुआ था। और वसूली कर रहा था। इसी बीच गांव के गोलू एवं उनके साथी वहां पर पहुंचे। और कलीराम के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

# कलेक्टर ने की किसानों से चर्चा, खाद-बीज, केसीसी ऋण की ली जानकारी

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव ने ग्राम लौदा में सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने समिति में किसानों की संख्या एवं खाद की दर के बारे में पूछा और संधारित पंजी का बारीकी से अवलोकन किया।

इसके साथ ही मौके पर बैजना के किसान योगेश साहू और खैरझिटी के किसान सोमसिंह से फोन पर बातचीत कर खाद यूरिया, डीएपी, पोटाश, सुपर फॉस्फेट, केसीसी ऋण मिलने की जानकारी ली और कम्प्यूटर से मिलान किया। उन्होंने किसानों से खाद-बीज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर 9406275534 पर बताने कहा। कलेक्टर ने कहा कि समितियों में खाद-बीज भंडारण और वितरण कार्य में लापरवाही बरतने तथा अमानक खाद एवं बीज वितरण की शिकायत पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। किसानों को समिति में असुविधा नहीं होनी चाहिए। समय पर उन्हें मांग अनुरूप खाद-बीज उपलब्ध कराएं। बता दें कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज का भंडारण किया गया है और किसानों के मांग अनुरूप उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा लगातार इसकी मानिटरिंग भी की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर, सीसीबी नोडल अधिकारी संतोष सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते कलेक्टर।

#### उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर राहुल देव ने ग्राम लौदा में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर वहां मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां साफ-सफाई, पेयजल, दवाईयां, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, क्षय रोग, हाइपरटेंशन, शुगर, सिकलसेल जांच, आयुष्मान कार्ड वितरण आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपना ब्लड प्रेशर जांच कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया भरोसा राम ठाकुर, तहसीलदार पथरिया छाया अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे।

---

# जंगल में लगा फड़, पुलिस ने दी दबिश, 5 जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

पेंड्रा के जंगल में जुआरियों के फड़ में पुलिस ने दबिश दी है। हालांकि पुलिस को देखकर 6 जुआरी जंगल में भाग निकलने में सफल हुए। पुलिस ने 5 जुआरियों को 7 बाइक सहित गिरफ्तार किया है। पेंड्रा थाना क्षेत्र के भालू प्रभावित जंगल में धोबहर गांव के सुरुगटोला में ये सभी जुआरी जुआ खेल रहे थे।




- पेंड्रा थाना क्षेत्र के धोबहर के सुरुगटोला के जंगल में खेल रहे थे जुआ

पुलिस के अनसुार जिला पुलिस के समाधान एप में जुआ खेले जाने की मिली शिकायत के आधार पर एसपी भावना गुप्ता के निर्देश पर छापेमार कार्रवाई की गई। जिसमें 5 जुआरी पकड़े गए। वहीं भागे हुए 6 जुआरियों के साथ कुल 11 के ऊपर जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है। भागे हुए जुआरियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्रवाई में नकद 8970 रुपए, ताश पत्ती, 5 मोबाइल, 7 बाइक सहित करीब 3 लाख का सामान जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के द्वारा आमजनों को किसी अपराध या अवैध कार्यो की जानकारी देने हेतु समाधान एप चालू किया गया है। जिसका नंबर 94791-91792 है । आरोपियों के खिलाफ धारा 3,2 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार जुआरियों में उमेश जायसवाल पिता दुर्गा जायसवाल उम्र 33 वर्ष गौरेला, सुदर्शन चक्रधारी पिता रामगरीब चक्रधारी उम्र 41 वर्ष गौरेला, रमेश जायसवाल पिता शिवलाल जायसवाल उम्र 39 वर्ष जोगीडोगरी थाना गौरेला, जमुना प्रसाद भैना पिता रामसेवक भैना उम्र 36 वर्ष दरमोहली थाना गौरेला, नीरज कुमार तिवारी पिता भीष्म प्रसाद उम्र 30 वर्ष गोरखपुर थाना गौरेला शामिल हैं।

# कौशिक ने किया हाई स्कूल का लोकार्पण



विभिन्न कार्यों का लोकार्पण करते धरमलाल कौशिक।

**बिलासपुर।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मूढ़ीपार के उन्नयित शासकीय हाईस्कूल में आयोजित लोकार्पण समारोह व शाला प्रवेश उत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विद्यालय, जनपद प्राथमिक शाला में अतिरिक्त 2 कक्ष व नवीन पीडीएस शॉप का लोकार्पण किया गया। बिल्हा में सरकार बनने के उपरांत प्रथम हाईस्कूल लोकार्पण मुढ़ीपार में हुआ। साथ ही नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक व गणवेश वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपसरपंच मनोज सिन्हा, बिल्हा बीईओ सुनीता ध्रुव, कृष्ण कुमार कौशिक, महामंत्री दिनेश पाण्डेय, बृजनंदन पात्रे, कोमल ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष लव श्रीवास, संतोष वर्मा, पार्षद दीपक वर्मा, चंद्रभान बंजारे, रामकुमार सोनी, राधेलाल रात्रे समेत अध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया



**तखतपुर।** नगर के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड क्रमांक एक में आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन टीम सहित सभी ने आयुष्मान कार्ड बनाने में ऑनलाइन मदद किया। कार्ड बनाने की प्रक्रिया ऑनलाइन के माध्यम से किया गया। जिनका कार्ड नहीं बन पाया उन लोगों का नाम, नंबर, आधार कार्ड एंट्री कर जल्द बनने के लिए प्रयास किया जाएगा। इसकी स्वास्थ्य विभाग से आए कर्मचारियों के द्वारा जानकारी दी गई। पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार ने गरीब की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड के लिए संजीवन बूटी की तरह प्रयास किया है। गरीब लोग पैसे के अभाव में इलाज नहीं कर पाते। मोदीजी गरीबों के मसीहा है। वह गरीबों की चिंता करते हैं। इसलिए 5 लाख तक का मुफ्त में इलाज के लिए मोदीजी ने यह पहल किए हैं। वार्ड के सभी लोगों को सूचना देकर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाएं । शिविर में दिव्या कश्यप, संगीता यादव, राम शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# संस्कार भारती की बैठक में हुई कार्यक्रमों पर चर्चा



बैठक में शामिल पदाधिकारी।

**मुंगेली।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की जिला इकाई की प्रथम मासिक बैठक का आयोजन शनि मंदिर परिसर में किया गया। शनि मंदिर के पुजारी रामकृष्ण पांडे ने नवीन कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया। संस्कार भारती अध्यक्ष रमेश कूलमित्र ने बताया कि आगामी माह 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम मां काली मंदिर स्थित परिसर खर्री पारस मुंगेली में मनाया जाएगा। इसी प्रकार अगस्त में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन किया जाएगा। कार्यकारिणी की बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगीस कला से जुड़े हुए व्यक्तियों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर रमेश कुलमित्र, राकेश गुप्त, रामकृपाल सिंह, मोहन उपाध्याय, शिवकुमार राजपूत, शेषपाल बैस, डोमन दीक्षित, ज्वाला कश्यप, जगदीश देवांगन एवं विजय पांडे सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

---

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परसदा वेद में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**मस्तूरी।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परसदावेद में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य श्वेता श्रीवास्तव, उपस्थित जनप्रतिनिधि व स्टाफ ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर बच्चों को प्रवेशोत्सव कराया गया। कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय परिसर में वैदिक हवन पूजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्वेता श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के अलावा समस्त स्टाफ पालक व बच्चें उपस्थित थे।





### सरस्वती शिशु मंदिर लखराम

**लखराम।** सरस्वती शिशु मंदिर लखराम में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस भैया बहनों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता एनपी लास्कर, विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार राय, सूरज देंवांगन, बालाराम साहू, सन्तोषी कैवर्त थे। इस मौके पर प्राचार्य दीनदयाल यादव, लक्ष्मी कश्यप, प्रदीप कौशिक, एसके कश्यप, भवानी, शत्रुघ्न लाल सहित विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### पूर्व माध्यमिक शाला मदनपुर



**बिलासपुर ।** पूर्व माध्यमिक शाला मदनपुर संकुल सिंहारी में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाला के प्रधानपाठक डॉ. आदित्य पांडे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल मदनपुर के प्राचार्य डीके सोनी, संकुल समन्वयक संतोष पात्रे, व्याख्याता कामता शुक्ला का स्वागात प्रधानपाठक व शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीमा यादव, पूजा सिंह, लक्ष्मी कुर्रे, श्वेता चौहान, श्वेता शर्मा, रमेश चंद देवांगन, पालक इंद्राणी कौशिक, संगीता श्यामले, सुखमला श्यामले, दिलीप श्यामले व अन्य उपस्थित थे

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक /Q/ सीमांकन / रा. नि. /2023
बिलासपुर, दिनांक- 24/06/2024

प्रति,
1. आवेदक- विरेद्र सिंह पिता प्रभुदयाल वर्मा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
2. अध्यक्ष- सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका बिलासपुर

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबछ पक्षकार

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/ Q/ तह./ अति.तह./ ना.तह./ वा/ 2023 बिलासपुर. दिनांक 27/05/2024

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2217/6 रकबा 2400 वर्गफुट हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक विरेन्द्र सिंह निवासी सी.एस.ई.बी. कॉलोनी कोरबा के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में गठित दल के द्वारा उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28/06/2024 को समय-12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

---

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक (क्रेता) चंद्रशेखर भोजसिया पिता श्री रामगोपाल भोजसिया निवासी शिवरीनारायण छ.ग. (पक्षकार विक्रेता) प्रकाश कुमार मित्रा और मुरारी मोहन मित्रा पिता श्री अश्वनी मित्रा निवासी खरोद छ.ग. जिसका खसरा न. 1223/5 रकबा नंबर 0.040 सुकुलपारा नगर पंचायत खरोद में स्थित है जिसका पक्का सौदा तय हो चूका है, निकटतम में रजिस्ट्री कराना है, अत: उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि किसी को कोई भी आपति हो तो सात दिन के अन्दर सूचित करे।

**भवदीय**
**चंद्रशेखर भोजसिया**
**8269110770,8770329653**

---

## आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि तहसील-रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) प.ह.नं. 12 के अंतर्गत ग्राम रतनपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 3665/2 रकबा 0.70 एकड़ में से 0.50 एकड़ भूमि को विक्रेता श्रीमती रजनी वैष्णव पति श्री सतीश किशोर वैष्णव निवासी रतनपुर, तहसील-रतनपुर व जिला बिलासपुर छ.ग. वालों से पक्का सौदा कर अग्रिम राशि का भुगतान की जा चुकी है तथा निकट भविष्य में रजिस्ट्री होनी तय है । यदि जिस किसी व्यक्ति /संस्था/निकाय/बैंक को वर्णित खसरा रकबा की भूमि के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित नीचे दिये पते पर प्रस्तुत कर अवगत करायें। नियत समयावधि पश्चात किये जाने वाली आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा आवश्यक रूप से अपने पक्ष में रजिस्ट्री करा ली जायेगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक 26.06.2024
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**विकास शर्मा**
**बंगाली पारा, सरकण्डा, बिलासपुर**
**मो. 9827974278**

---

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती नीलम शर्मा पति श्री राजेन्द्र शर्मा निवासी गोड़पारा तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा अधिकृत होकर आम जनता की सूचनार्थ निम्न आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ

यह कि ग्राम जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. लिंकरोड में स्थित खसरा नं. 616 / 2, क्षेत्रफल 0.0490 हेक्टेयर, वर्तमान राजस्व अभिलेखों में मेरी पक्षकारा के अलावा पिता श्री बृजमोहन दुआ एवं कृष्णा दुआ के नाम पर दर्ज है, इसके अलावा नजूल भूमि स्थित मोहल्ला मसानगंज शीट नं. 24 प्लॉट नं. 5/2, क्षेत्र 5484 वर्गफुट भूमि भी मेरी पक्षकारा की पैतृक सम्पत्ति है तथा उक्त नजूल प्लॉट 5/ 2 सम्पूर्ण क्षेत्र 10,900 वर्गफुट के संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा व्यवहार न्यायालय में व्यवहारवाद प्रस्तुत किया गया है। जिसमें माननीय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 बिलासपुर द्वारा दिनांक 23.03.2022 को अस्थायी निषेधाज्ञा ( स्थगन) जारी करते हुये अनावेदकगण जिसमें वर्तमान अभिलिखित भूमि स्वामी श्रीमती कृष्णा दुआ भी संयोजित है को वाद के लंबन काल पर्यन्त वाद भूमि का किसी भी प्रकार से विक्रय एवं हस्तातरण से रोक लगायी गयी है। माननीय व्यवहार न्यायालय का आदेश की जानकारी श्रीमती कृष्णा दुआ को भली भांती रूप से है तथापि श्रीमती कृष्णा दुआ और उनके कथित मुख्यार प्रफुल्ल झा के द्वारा आम बाजार में मेरी पक्षकारा की पैतृक सम्पत्तियों को व्यवहार न्यायालय के स्थगन के बावजूद भी विक्रय करने के उद्देश्य से बात-चीत की जा रही है तथा इकरारनामा किया जा रहा है, जो कि माननीय व्यवहार न्यायालय के स्थगन आदेश की अवमानना होगी।


अस्तु इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता सहित प्रस्तावित क्रेता गणों को सूचित किया जाता है कि वे मोहल्ला मसानगंज शीट नं. 24, प्लॉट नं. 5/2 की सम्पत्ति एवं ग्राम जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं. 616/2 क्षेत्रफल 0.0490 हेक्टेयर के क्रय विक्रय अथवा अन्य किसी भी प्रकार के हस्तांतरण का दस्तावेज निष्पादित ना करें। ऐसा दस्तावेज मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा तथा खरीददार के पक्ष में निष्पादित दस्तावेज प्रारम्भत: शून्य होगा एवं विक्रेता-क्रेता दोनों ही न्यायालय के अवमानना करने के दोषी होंगें। आम सूचना के प्रकाशन के पश्चात भी यदि किसी व्यक्ति के द्वारा दस्तावेज का निष्पादन कराये जाने से किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति हेतु वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा।

अस्तु सूचना जानें।

**भवदीय**
**(प्रतिभा चक्रधारी)**
**अधिवक्ता**
**जिला न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9300207030**

26 JUNE -BSP- pg- 5_Layout 1 6/26/2024 11:48 PM Page 1





# अमिताभ ने मुंबई में खरीदी 59.58 करोड़ रुपए मूल्य की तीन प्रॉपर्टी

**मुंबई।** इस वक्त अमिताभ बच्चन द्वारा मुंबई में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदे जाने की खबरें सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता ने मुंबई में 59.58 करोड़ रुपये की कुल कीमत के तीन कार्यालय संबंधी प्रॉपर्टी खरीदी है। उनकी खरीदी हुई ये तीनों 2701, 2801 और 2901 नंबर प्रॉपर्टी 8,429 वर्ग फीट के संयुक्त क्षेत्र में फैली हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वीर सावरकर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए इस सौदे में तीन कार पार्किंग स्थल भी शामिल हैं और इसके लिए उन्होंने 3.57 करोड़ रुपए की स्टैम्प ड्यूटी भी चुकाई है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उनका ये ऑफिस सिग्नेचर बिल्डिंग में हैं, जहां काजोल, सारा अली खान और कार्तिक आर्यन जैसे स्टार्स के ऑफिस भी हैं।

लाइफ Style



# ऋचा

## लज्जो के लिए मिल रहा बेइंतहा प्यार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऋचा ने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही मां बनने वाली हैं। उनका थर्ड ट्राइमेस्टर चल रहा है। अब उन्होंने इंस्टा पोस्ट शेयर करके बताया है कि वो कैसा फील कर रही हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'तीसरा ट्राइमेस्टर अपने साथ बेचैनी, अनिद्रा, एसिड ट्रिपी सपने, पीठदर्द, माइग्रेन और रोने वाला मूड लेकर आता हैतो यहां पर पास्ट की कुछ झलकियां हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रमोशन के दौरान इंडियन कपड़े पहनना पसंद आया। क्योंकि फ्यूचर बेहतर होगा, लेकिन पास्ट आज से बेहतर है।

उन्होंने लगभग दो महीने हो गए हैं, लेकिन मुझे लज्जो के लिए बेइंतहा प्यार मिल रहा है। उन्होंने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था। ऋचा चड्ढा को लज्जो के रूप में दर्शकों से बेहद प्यार मिला था। संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऋचा के साथ मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सेगल, संजीदा शेख जैसी एक्ट्रेस नजर आईं थीं।

हॉलीवुड मसाला



# चोट से नहीं उबर सके हैं जेरेमी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी रेनर बर्फ में हुई दुर्घटना से अब तक पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में उन्होंने स्वीकार किया कि वह अब भी चुनौतीपूर्ण किरदारों को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं। हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर को मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में हॉकआई की भूमिका से दुनियाभर में खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस किरदार के बाद उन्हें भारत में भी खास पहचान मिली। हाल ही में अभिनेता ने एक पॉडकास्ट में अपने बारे में खुलकर बात की।



# टॉम हैंक्स एआई की तस्वीर में दिख रहे युवा

**लॉस एंजिलिस।** टॉम हैंक्स इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता एक बार फिर से 'फॉरेस्ट गंप' के निर्देशक रॉबर्ट जेमेकिस के साथ उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हियर' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने 'हियर' की एक तस्वीर को दर्शकों के संग साझा किया है। इस तस्वीर में फिल्म की अभिनेत्री रॉबिन राइट और टॉम हैंक्स एकदम युवा दिख रहे हैं। टॉम हैंक्स के फैंस में इस फिल्म को लेकर अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। 'हियर' को रॉबर्ट जेमेकिस ने एरिक रोथ के साथ मिलकर लिखा है। टॉम हैंक्स की आगामी फिल्म 'हियर' रिचर्ड मैकगायर के उपन्यास पर आधारित होगी। 2014 में प्रकाशित हुए इस ग्राफिक उपन्यास का नाम भी पर 'हियर' ही था। इस उपन्यास में एक ही स्थान पर एक सदी की कहानी लिखी गई है।



# ताहिरा ने साझा किया अपना अनुभव

**मुंबई।** ताहिरा कश्यप के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'शर्माजी की बेटी' इस महीने ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। ताहिरा कश्यप ने कहा कि उन्हें इस फिल्म में एक ए लिस्ट मेल एक्टर को लेने का सुझाव दिया गया था। इसके अलावा ताहिरा कश्यप ने फिल्म के पीछे हुए देर की वजह भी बताई। बातचीत के दौरान ताहिरा ने कहा कि यह देखते हुए कि फिल्म 'शर्माजी की बेटी' के लिए उन्होंने अपने नजरिए के प्रति सच्चे रहने के महत्व पर जोर दिया, भले ही दूसरे सहमत न हों। लोगों ने फिल्म बनाने के लिए कास्टिंग विकल्पों सहित कुछ और स्टीरियोटाइप के हिसाब से उन पर दबाव डाले। ताहिरा ने कहा कि फिल्म के लिए प्रोड्यूसर की तलाश चुनौतीपूर्ण रही।



# नागार्जुन ने पूरी की फैन की मुराद

**मुंबई।** बीते दिनों साउथ इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता नागार्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। उसमें वे मुंबई एयरपोर्ट से निकलकर आ रहे थे। इस दौरान एक दिव्यांग प्रशंसक उनसे मिलने के लिए दौड़ा, लेकिन नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने प्रशंसक को न सिर्फ रोक दिया, बल्कि जोर से धक्का भी मारा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने नागार्जुन की आलोचना की। वीडियो वायरल होते देख नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी। अब उन्होंने इस प्रशंसक से मुलाकात भी की है। नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने जिस दिव्यांग प्रशंसक को धक्का मारा था, अभिनेता उससे मिलते नजर आए हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जो विरल भियानी के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है।

टीवी मसाला



# 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है'

## अरमान के बयान पर भड़कीं देवोलीना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी-3' जब से शुरू हुआ है। यह तब से खबरों में है. शो में भाग लेने वाले अरमान मलिक को सबसे ज्यादा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शो में केवल वे ही नहीं उनकी दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिक को भी लोग काफी ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में दीपक चौरसिया से बात करते हुए अरमान ने कहा था कि 'हर आदमी 2 पत्नियां चाहता है'। अब उनके इस बयान पर एक्ट्रेस बिग बॉस फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने उनके बयान को गलत करार दिया। इसके साथ ही बताया कि उनके इरादे 'अश्लील'हैं। देवोलीना भट्टाचार्जी ने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें अरमान यह कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है।' यह बात 'साथ निभाना साथिया'की अभिनेत्री को पसंद नहीं आई और उन्होंने अरमान की इस टिप्पणी के लिए उनकी खिंचाई की। उन्होंने लिखा, 'मैं हर आदमी के बारे में तो नहीं कह सकती, लेकिन निश्चित रूप से जो लोग गंदे इरादे रखते हैं, वे 2, 3 या 4 पत्नियां रखना चाहते होंगे। कृपया यह गंदगी बंद करो। भगवान के लिए यह बंद करो। किसी दिन अगर वही पत्नियां कहने लगें कि उन्हें भी 2-2 पति चाहिए, तो उसे भी देखना अच्छा लगेगा।

## 3 साल की डेटिंग के बाद तेजस्वी करण का हो गया ब्रेकअप!

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में कई रिश्ते बने, कुछ का प्यार हमेशा के लिए रहा, तो कोई कुछ सालों के बाद अलग हो गए. बिग बॉस 15 में यूं तो तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा एक दूसरे के कंपीटीटर बनकर आए थे, लेकिन शो को दौरान दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। दोनों ने बाहर आकर अपने प्यार को कबूल भी किया। लेकिन, तीन साल प्यार के रिश्ते में रहने के बाद अब खबर है कि दोनों के बीच अब सब खत्म को हो गया है। सूत्र ने बताया कि दोनों के बीच में पिछले कुछ समय से छोटी-छोटी बातों पर बहस और लड़ाइयां हो रही थीं। इसलिए दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। दोनों अभी भी पब्लिक में एक साथ नजर आ रहे हैं। क्योंकि वो दोनों पिछले तीन साल से एक पावर कपल रहे। वो दोनों अभी अपने ब्रेकअप का जल्द ऐलान नहीं करने वाले हैं। हालांकि, करण और तेजस्वी ने अपने ब्रेकअप पर कोई भी कमेंट नहीं किया है।



# सास शर्मिला टैगोर की बात सुन भन्ना जाएंगी करीना...

**नई दिल्ली।** शर्मिला टैगोर इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' और हिट फिल्म 'क्रू' देखने के बाद अपना रिव्यू दिया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उन्होंने किरण रॉय की फिल्म 'लापता लेडीज' को भी देखा। अब इन तीनों फिल्मों के बाद उन्होंने अपनी फीलिंग शेयर की और बताया कि उन्हें कौन सी फिल्म सबसे बेस्ट लगी। यूट्यूब चैनल दिल से पर बात करते हुए शर्मिला टैगोर ने हिट फिल्म क्रू पर अपनी राय साझा की। इस फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन लीड रोल में थी। यह फिल्म एविएशन इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें सभी चीजें मजेदार हैं। हालांकि शर्मिला को यह फिल्म बेहद 'बेतुकी' लगी। शर्मिला ने 'क्रू' का रिव्यू करते हुए कहा- इस फिल्म की एक अच्छी बात थी कि ये उस सोच पर वार करती है कि महिला ही महिला की दुश्मन है, लेकिन बाकी सब पर यकीन करना बेहद मुश्किल है। जैसे फिल्म के एक सीन में प्लेन लैंडिंग का सीन, एक तिजोरी तोड़ रही है और तीनों औरतों अलग -अलग चीजें करती आ रही हैं। ये थोड़ा हकीकत से परे लगता है। बेशक इस फिल्म में तीन लीड एक्ट्रेसेज थीं और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा बिजनेस रहा है।



# श्रीदेवी की सुपरहिट फिल्म के क्लाइमैक्स ने छुड़ा दिए थे अच्छे-अच्छों के पसीने, ओटीटी पर भी कायम रहा जलवा

***नई दिल्ली।*** *साल 2017 में आई दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। खासतौर पर फिल्म के सस्पेंस और क्लाइमैक्स ने तो लोगों को दीवाना बना दिया था। ओटीटी पर आने के बाद भी इस फिल्म का जलवा कायम रहा था। फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' के बाद श्रीदेवी ने फिल्म 'मॉम' के साथ बॉलीवुड में वापसी की थी। इस फिल्म को ना सिर्फ दर्शक बल्कि क्रिटिक्स ने भी खूब सराह था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। थिएटर के बाद जब ये फिल्म ओटीटी पर भी आई तो इस फिल्म का जलवा कम नहीं हुआ था। मां-बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर बनी फिल्म इस की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। मॉम में पहली बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी, श्रीदेवी ने साथ-साथ काम किया था। इस फिल्म में श्रीदेवी की बेटी का रोल पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली ने निभाया था।*




*इस फिल्म ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिल पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को रिलीज के पहले हफ्ते में ही सुपरहिट मान लिया गया था। फिल्म को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए इसे कई भाषाओं में डब किया गया था। सभी भाषाओं में ही इस फिल्म ने शानदार कमाई की। श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने चीन में रिलीज के बाद कितने रिकॉर्ड्स तोड़ती है। इस फिल्म के लिए श्रीदेवी को उनके निधन के बाद 'नेशनल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था। चीन में जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो बोनी कपूर काफी भावुक हो गए थे। श्रीदेवी की इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का लुक देखकर तो लोगों के होश ही उड़ गए थे। फिल्म की कहानी ने तो दर्शकों को दीवाना बनाया ही था। साथ ही इस क्राइम-थ्रिलर फिल्म का सस्पेंस देख लोगों का दिमाग हिल गया था।*

# अंजू महेंद्रू नहीं, इस एक्ट्रेस संग 'काका' की स्ट्रांग बॉन्डिंग देख जलती थीं डिंपल?

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसामान छू रहा था। अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। बॉलीवुड में यूं तो कई स्टार्स हैं, जिनके प्यार के किस्सों की अलग-अलग कहानियां हैं। एक जमाने में रेखा संग अमिताभ बच्चन की दोस्ती सुर्खियों में थी। देवानंद साहब के साथ सुरैया का नाम जुड़ा तो दिलीप कुमार के साथ मधुबाला. राजेश खन्ना बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार रहे। अंजू महेंद्रू संग उनके रिलेशनशिप में रहने और फिर अपनी उम्र से 16 साल छोटी डिंपल कपाड़िया से शादी कर खूब सुर्खियां लूटीं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अंजू महेंद्रू नहीं एक बॉलीवुड हसीना के साथ 'काका' की बॉन्डिंग इतने जबरदस्त थी कि कई बार तो उनकी पत्नी यानी डिंपल कपाड़िया को भी जलन होने लगती थी।



डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसामान छू रहा था. अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं मुमताज थीं। फिल्म इंडस्ट्री के लोग कई नामों से इन्हें बुलाते थे। राजेश खन्ना उन्हें प्यार से 'मोटी' कहते थे। देवानंद उन्हें प्यार से 'मुंजी' बुलाया करते थे और बहुत सारे लोग उन्हें उनके निक नेम 'मुमु' से पुकारा करते थे। राजेश खन्ना संग उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है और दोनों की जोड़ी को भी पर्दे पर लोगों ने काफी पसंद किया. 'प्रेम कहानी', 'दो रास्ते', 'आपकी कसम', 'दुश्मन', 'रोटी', 'अपना देश', 'राजा-रानी' और 'बंधन' जैसी कई फिल्मों में दोनों को साथ देखा गया। राजेश खन्ना और मुमताज की दोस्ती बहुत गहरी थी। एक बार वो भीड़ में बिना हिचक के राजेश खन्ना की जान बचाने चली गई थीं। लेकिन, राजेश खन्ना और मुमताज की इस दोस्ती से डिंपल कपाड़िया को जलन होती थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब राजेश खन्ना का नाम मुमताज से जुड़ा तो डिंपल को पहले तो विश्वास नहीं हुआ, लेकिन लगातार आ रही खबरों ने उनके विश्वास को डोला दिया और मन में शक होने लगा। अब, जब भी राजेश खन्ना मुमताज के साथ कोई फिल्म करते तो डिंपल सेट पर पहुंच जाया करती थीं।



# मारेडुमिली वन क्षेत्र में हो रही है 'स्वयंभू' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी नई फिल्म 'स्वयंभू' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को दमदार एक्शन देखने की उम्मीद है। निखिल की पिछली फिल्म 'स्पाई' थी, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों की ओर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी। 'स्वयंभू' को लेकर ताजा अपडेट यह है कि फिलहाल मारेडुमिली वन क्षेत्र में फिल्म में शूटिंग चल रही है, जो आंध्र प्रदेश में स्थित है। यह इलाका बेदह खूबसूरत है। निखिल के साथ अन्य कलाकार भी सेट पर जमें हुए हैं। इस लोकेशन पर फिल्म के कुछ अहम सीन को शूट किया जाएगा। सेट डिजाइन का काम एम प्रभाकरन की देख-रेख में हो रहा है। 'स्वयंभू' का निर्देशन भरत कृष्णामाचारी कर रहे हैं। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ-साथ संयुक्ता भी मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं।

26 JUNE -BSP- pg- 6_Layout 1 6/27/2024 12:18 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कुत्तों के झगड़ा करने पर पड़ोसियों के बीच मारपीट

**बिलाससुर।** गीताजंली सिटी फेस 2 में कुत्तों के बीच झगड़ा होने पर दो पड़ोसियों के बीच आपस में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, गीताजंली फेस 2 निवासी विनिता चौहान पति विरेन्द्र चौहान ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। 26 जून को सुबह 11 बजे उनका पालतू कुत्ता बाहर निकला था। उसी समय बाहरी आवारा कुत्ते उसे काटने लगे। आवाज सुनकर उनकी बेटी संस्कृति चौहान बाहर निकलकर छुड़ाने लगी । इसी दौरान उनका पड़ोसी अरूण कुर्रे आया और कुत्ते को मारने से मना कर संस्कृति के साथ मारपीट करने लगा। आवाज सुनकर उन्होंने बाहर निकलकर बीच बचाव किया तो युवक ने उनके साथ भी मारपीट करते हुए जमीन पर गिरा दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अरूण कुर्रे के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष से अरूण कुर्रे ने रिपोर्ट लिखाई। वह स्वास्थ विभाग में क्लर्क है । कुत्तों के बीच विवाद होने पर उनकी पत्नी यामिनी छुड़ा रही थी। इतने में संस्कृति चौहान आवारा कुत्ते के पक्ष लेती हो कहकर गाली गलौज कर धक्का मुक्की करने लगी। श्री कुर्रे ने बीच बचाव किया तो मां बेटी के द्वारा मारपीट की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मां बेटी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बैंक के सामने किसान से 20 हजार की उठाईगीरी

**बिलासपुर।** बैंक के सामने से किसान से 20 हजार रुपए की उठाईगीरी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, ग्राम खपराखोल निवासी किसान शत्रुहन प्रसाद दीक्षित सोमवार को बिल्हा जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक से 50 हजार रुपए निकलवाए। उन्होंने 15 हजार रुपए लोन के खाते में जमा कर दिया और 15 हजार रुपए अपने परिचित को उधार दिया। शेष रकम 20 हजार रुपए व दस्तावेज थैले में रखकर बैंक के बाहर बैठे थे। इसी दौरान चोर रुपए से भरा थैला चोरी कर भाग गए। उन्होंने चोरी की सूचना बैंक प्रबंधक को दी उसके बाद थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हथियार से हमला

**बिलासपुर।** एक युवक से मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा मन्नाडोल निवासी अभय कुमार गेंदले पिता विजय कुमार गेंदले 25 जून की रात 9 बजे अपने दोस्त राहुल साहू, सुमित यादव के साथ दैहान मोहल्ला मन्नाडोल में खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान संजय कश्यप उर्फ बिहारी आया और पुराने विवाद का हवाला देते हुए अभय कुमार के साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर अभय कुमार गेंदले के साथ मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनके गले के पास चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर संजय कश्यप उर्फ बिहारी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दो युवकों ने हंगामा कर सिपाही से की हुज्जतबाजी

**बिलासपुर।** बुधवार की रात नशे में दो युवकों ने नेहरू चौक ट्रैफिक सिग्नल पर हंगामा मचाया। सिपाही ने पकड़ने की कोशिश की तो दोनों युवको ने उनके साथ हुज्जतबाजी की। दोनों युवकों को सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बुधवार की रात 9 बजे ट्रैफिक थाने में पदस्थ आरक्षक प्रदीप मिश्रा अन्य पुलिसकर्मियों के साथ नेहरू चौक पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान शराब के नशे में स्कूटी शराब दो युवक हंगामा मचाते हुए जा रहे थे। आरक्षक मिश्रा ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो दोनों युवक नशे में उनके साथ हुज्जतबाजी करने लगे। पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों को पकड़कर सिविल लाइन पुलिस को कार्रवाई करने सौंप दिया है। दोनों युवकों के नशे में होने के कारण उनका नाम पता नहीं चल पाया था।

# 1950 का नक्शा जर्जर हुआ तो पटवारियों ने खुद नया बना लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले सहित राज्यभर में नक्शे में गड़बड़ी की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। हजारों ऐसे लोग हैं जिनकी जमीन का नक्शा पटवारी के पास उपलब्ध रिकार्ड में जैसा है, वैसा ऑनलाइन अपलोड डिजिटल रिकार्ड में नहीं हैं। पटवारियों के पास उपलब्ध नक्शों में एक ही खसरा नंबर की कई जमीनें हैं। राज्यभर में ऐसी गड़बड़ियों के बारे में पता लगाया गया तो 60 हजार से अधिक प्रकरण सामने आए। जिले में इन शिकायतों की संख्या 8 हजार से अधिक है। इसमें एक ही खसरा नंबर की दो-दो जमीनें हैं। नक्शे और खसरे में पेंच होने के कारण जरूरतमंद लोग अपनी जमीन की बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में मामलों की सुनवाई तहसील कोर्ट में महीनों चल भी रही है लोग परेशान हो रहे हैं।


दरअसल पटवारियों के पास 1950 के बाद से जमीन के नक्शे उपलब्ध हैं। पुराने दस्तावेज होने की वजह से इनमें से कई जर्जर तो कई बुरी तरह से फट गए। पटवारियों ने इस परेशानी से बचने के लिए पुराने नक्शों के आधार पर नए नक्शे बना लिए और उसे मान्य भी करवा लिया। दशकों पुराने इन नक्शे होने के कारण किसी ने ज्यादा ध्यान भी नहीं दिया।

## एक ही खसरा नंबर की कई जमीनें, प्रदेश भर में 60 हजार विवादित मामले

### निजी और सरकारी जमीन का नंबर एक

अब जब लोग अपनी जमीन का नामांतरण, सीमांकन या उसे बेचने का प्रयास कर रह हैं तब गड़बड़ी सामने आ रही है। पटवारी रिकार्ड में उनका नक्शा अलग और ऑनलाइन रिकार्ड में अलग है। ऐसे लोगों की परेशानी सबसे ज्यादा बढ़ गई जिनकी जमीन का खसरा नंबर और आसपास की जमीन का खसरा नंबर भी एक था। सैकड़ों लोग की निजी जमीन का और सरकारी जमीन का खसरा नंबर भी एक ही है।

- पटवारी के पास उपलब्ध रिकार्ड में जैसा है वैसा ऑनलाइन अपलोड डिजिटल रिकार्ड में नहीं
- गड़बड़ियों से बढ़ी परेशानी, सुनवाई तहसील कोर्ट में महीनों चल रही



### फैक्ट फाइल

- राज्य में कुल खसरा नंबर 2 करोड़ 47 लाख
- कुल शासकीय खसरा नंबर 27 लाख 94 हजार
- डिजिटल सिग्नेचर खसरे 2 करोड़ 23 लाख
- राज्य में कुल बंधक खसरा 58 लाख 76 हजार

### दूर की जा रहीं त्रुटियां

पटवारियों के खसरा नंबर में जो त्रुटि है या उसे ही दूर करने के लिए जियो रिफ्रेशिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है। एक ही खसरा नंबर की जमीनों को भी दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा ऑनलाइन और ऑफलाइन में जो परिवर्तन है उसे भी ठीक कर रहे हैं।

**-रमेश शर्मा**, संचालक भू-अभिलेख संचालनालय

### केस 1

विमलेश कुमार की मोपका में 2400 वर्गफीट जमीन है। उनकी जमीन और उसके बाजू की जमीन का खसरा नंबर एक ही है। उन्होंने अपनी जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन किया तो यह कहकर उनका सीमांकन नहीं किया गया कि नक्शे में एक ही खसरा नंबर की दो जमीन हैं। एक ही खसरे की दो जमीन का सीमांकन नहीं किया जा सकता। दो साल से उनकी जमीन का विवाद हल नहीं हो पाया है।

### केस 2

अनिल सक्सेना की बहतराई रोड में कृषि जमीन है। उन्होंने जब अपनी जमीन बेचनी चाही तो पता चला कि उनकी जमीन को जो खसरा नंबर है उसी खसरे नंबर की एक और जमीन किसी के नाम पर है। कई महीनों की जांच के बाद पता चला कि पटवारी नक्शे में गड़बड़ी हुई है। उन्होंने इस गलती को सुधारने के लिए तहसीलदार के पास केस लगाया। तीन साल बाद भी उनके मामले की सुनवाई ही चल रही है।

### अब खसरा नहीं बल्कि यूएल पिन नंबर मिलेगा

अधिकारियों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में जमीन संबंधी विवाद रोकने के लिए प्रदेश में जल्द ही जियो रिफ्रेंसिंग तकनीक लागू की जाएगी। इससे जमीनों के विवाद में कमी आएगी साथ ही इस तकनीक के माध्यम से भूमि के नक्शों के लिए खसरा नहीं बल्कि जमीन मालिक को यूएल पिन नंबर दिया जाएगा तथा भूमिधारकों को भू-आधार कार्ड भी मिलेगा। राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे मंजूरी दे दी है। जियो रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग के लिए राजस्व से जुड़े अमलों की व्यवस्था के साथ ही इनके प्रशिक्षण के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

### वास्तविक भूमि चिन्हांकित करना आसान हो जाएगा

जियो रिफ्रेंसिंग के काम को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नए पदों पर भी भर्तियां की जाएंगी। अधिकारियों के अनुसार जियो रिफ्रेशिंग तकनीक में छोटी से छोटी भूमि का लांगीट्यूड और लेटीट्यूड के माध्यम से वास्तविक भूमि चिन्हांकित करना आसान हो जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में भूमि स्केल का पैमाना 1:500 रखा जाएगा। इससे नगरीय क्षेत्रों में घनी आबादी होने पर ही छोटे से छोटे भूखंड को भू-नक्शे में आसानी से दर्ज किया जा सकता है। राजस्व प्रशासन में सुधार की दृष्टि से भूमि के डायवर्सन कराने की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन करने की योजना है।

## जोन कमिश्नर और तहसीलदार की समझाइश के बाद माने रायल एलिगेंस के नागरिक

# सड़क के लिए कालोनीवासियों का चक्काजाम





जर्जर सड़क और गड्ढों से परेशान होकर चक्काजाम करतेक्षेत्र के कालोनीवासी । इनसेट : मौके पर पहुंची पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परसदा स्थित मारूती शो-रूम के सामने से लेकर मॉडर्न एंड मॉरल पब्लिक स्कूल तक की मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर है। बड़े-बड़े गड्ढों के चलते आए दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही हैं।

खराब सड़क पर हाईवा-ट्रैक्टर सहित अन्य माल वाहक गाड़ियां दौड़ रही हैं। इससे इस क्षेत्र की रॉलय एलिगेंस कॉलोनी, सौरभ इनक्लेव सहित आसपास 200 मकानों में रहने वाले परिवार परेशान हैं। इस क्षेत्र में रहने वाले नाराज लोगों ने बुधवार को मुख्य मार्ग में चक्का जाम कर दिया, जिसके कारण सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। जानकारी मिलने पर पुलिस बस के साथ ही तिफरा के जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप, तहसीलदार गरिमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे, लगभग 2 घंटे तक कॉलोनिवासियों के साथ अफसरों की चर्चा होती रही। इस बीच कॉलोनी में रहने वालों ने अफसरों को बताया कि इस मार्ग पर भारी वाहन चलते हैं। पास में ही कई कॉलोनी बन रही है, जिन्होने टीएनसी से अप्रुअल लेने अपने नक्शे में 80 फीट की सड़क दिखाई है, लेकिन सड़क 30 फीट ही है। अफसरों ने आसपास कॉलोनियां बना रहे बिल्डरों से बात करने के बाद 15 दिन के भीतर सड़क मरम्मत कार्य शुरू कराने की बात कही। इसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

### सुधरवाई जा रही सड़क

भारी वाहन के कारण रॉयल एलिगेंस कॉलोनी सहित आसपास की कॉलोनियों में जाने वाला मार्ग जर्जर है। इसकी मरम्मत और असमाजिक तत्वों से परेशान होकर यहां के रहवासियों ने चक्काजाम कर दिया था। सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी को राउंड बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

**-गरिमा ठाकुर** तहसीलदार बिलासपुर

### 2019 से पटा रहे टैक्स फिर भी सुविधा नहीं

रॉलय एलिगेंस कॉलोनी में रहने वाले हाईकोर्ट के एडवोकेट बीपी सिंह ने बताया कि कॉलोनी नगर निगम सीमा क्षेत्र में है, सभी लोग 2019 से सभी प्रकार के टैक्स दे रहे हैं। इसके बाद भी यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सड़क तो खराब है ही, यहां स्ट्रीट लाइट की भी व्यवस्था नहीं है। अब बारिश में खराब और जर्जर सड़क पर चलने को मजबूर हैं। कई बार अफसरों से मांग करने के बाद भी सुविधा मुहय्या नहीं कराई जा रही है।

### कचरे के साथ फेंक रहे जानवरों के शव

कॉलोनी में रहने वाली नीलिमा भारद्वाज ने बताया कि एप्रोच रोड खराब होने के कारण हर दिन किसी न किसी की गाड़ी पंचर हो रही है। इसके साथ ही पास में खाली जमीन है। यहां कचरे के साथ ही नेशनल हाईवे में जानवरों के शव को लाकर फेंक दिया जाता है। जिसके कारण बदबू से सभी परेशान हो रहे हैं। असामाजिक तत्वों का भी यहां जमावड़ा रहता है। जिसके कारण महीना, बच्चे और पुरूष को भी आने जाने में भय रहता है। इसके बाद भी प्रशासन यहां कोई ध्यान नहीं दे रही है।

## देशी कट्टा, दो चाकू सहित झारखंड के 3 गिरफ्तार



गिरफ्तार तीनों आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/बिल्हा

गंभीर वारदात के पहले हिर्री पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान देर रात झारखंड के तीन युवकों को पकड़ने में सफलता मिली है। उनके पास से देशी कट्टा, दो चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने हथियार जब्त कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया, एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर लगातार नेशनल हाइवे पर पेट्रोलिंग कर संदिग्ध रूप से घूमने वालों से पूछताछ की जा रही है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संदिग्धों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार की रात श्री केंवट, सत्यवान मरावी, जोहन टोप्पो, संतोष नेताम, अरविंदर शर्मा सुखदेव कश्यप, छोटेलाल पटेल क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान पेण्ड्रीडीह चौक पर तीन युवक संदिग्ध रूप से खड़े हुए मिले। टीआई श्री केंवट ने पूछताछ की तो एक युवक पसीना पसीना हो गया और तीनों भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर तीनों युवकों को पकड़ लिया। उनके पास रखे काले रंग के थैले की तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा, दो चाकू मिला। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तीनों ने कोई भी वारदात को अंजाम देने से इनकार किया है। तीनों लूट जैसी गंभीर वारदात को अंजाम देने के लिए चौक में खड़े हुए थे। पुलिस की सक्रियता से वारदात के पहले तीनों युवक हथियार के साथ पहले पकड़े गए। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कट्टा, चाकू जब्त कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- रंजन कुमार पिता अनिल राम 18 साल झोतर हण्डई गढ़वा झारखंड
- मुकेश कुमार पिता नंदू राम 24 साल पेनदली मेराल गढ़वा झारखंड
- रूपेश कुमार पिता सहदेव राम 23 साल लवाही कला डण्डई गढ़वा झारखंड



आरोपियों से जब्त मोबाइल, कट्टा और चाकू।

- पेट्रोलिंग के दौरान हिर्री पुलिस को मिली सफलता

### पहले यहां कर चुका है ड्राइवरी

टीआई श्री केंवट ने बताया, आरोपी मुकेश कुमार पूर्व में शहर में रहकर ट्रांसपोर्टर की गाड़ी चलाने का काम कर चुका है। इससे उसे यहां की सभी सड़कों की जानकारी थी। यहां आने के बाद उसने अपने अन्य दोनों साथियों को हथियार सहित बुला लिया था। मंगलवार की रात तीनों लूट जैसी वारदात को अंजाम देने चौक में खड़े थे।

### झारखंड में आसानी से मिल जाता है कट्टा

आरोपी मुकेश ने पुलिस को बताया कि झारखंड में आसानी से सस्ते में कट्टा, पिस्टल, जिंदा कारतूस, तलवार, चाकू मिल जाता है। उसने झारखंड से कट्टा खरीदकर लाना बताया है।

### निगम ने बारिश से खराब सड़कों की मरम्मत लिए इंजीनियर्स की लगाई डयूटी

नगर निगम ने बरसात में बारिश के दौरान खराब होने वाली सड़कों की मरम्मत के लिए कार्यपालन अभियंताओं सहित उप अभियंताओं की ड्यूटी लगाई है। टीम को बरसात में सड़कों के धंसने की स्थिति में तत्काल मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। बरसात के दिनों में अंडरग्राउंड सीवरेज एवं अमृत मिशन परियोजना के तहत पाइप लाइन बिछाने जिन-जिन सड़कों पर खोदाई की गई थी, उन सड़कों की धंसने की संभावना अधिक रहती है। बारिश होने पर खोदाई वाली जगह पर मिट्टी नीचे बैठने लगती है, जिससे सड़क धंस जाती है और सड़क पर गढ्ढा हो जाता है। इसलिए बरसात के मौसम को ध्यान में रखकर नगर निगम ने इंजीनियर्स की टीम का गठन किया है, जिसमें कार्यपालन अभियंता से लेकर उप अभियंताओं को रखा गया है। इस टीम में सीवरेज का काम देख रहे कार्यपालन अभियंता सुरेश बरूआ सहित अमृत मिशन परियोजना को देख रहे कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला व अनुपम तिवारी एवं अमृत मिशन का काम देखने वाले उप अभियंता रमनदीप सिंह व सीवरेज का काम देख रहे उप अभियंता विकास पात्रे को शामिल किया गया है। इस तरह वर्षा होने की स्थिति में संबंधित जोन के जोन कमिश्नर्स, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं फिल्ड स्टाफ अपने-अपने जोन क्षेत्रों में भ्रमण कर पानी निकासी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे। इन अधिकारियों-कर्मचारियों का यह दायित्व होगा कि बरसात में पानी निकासी के दृष्टिकोण से संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति घूमकर देखेंगे तथा नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध रजिस्टर से प्राप्त शिकायत के आधार पर निराकरण एवं आवश्यक व्यवस्था करेंगे।

- सीवरेज व अमृत मिशन के लिए खोदाई वाली सड़कों के धंसने की संभावना

# कुदूदण्ड,मंगला उसलापुर सहित दर्जनभर सड़क जर्जर, बारिश में फैल रहा कीचड़, लोग परेशान



नर्मदा नगर से उसलापुर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

मानसूनी गतिविधियों के प्रभावी होने के साथ ही अब झमाझम बारिश भी होने लगी है, लेकिन अभी तक शहर के कई सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है। बारिश में इन सड़कों के बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरने लगा है। ऐसे में वाहन सहित पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जरा सी बारिश में इन खराब सड़कों में कीचड़ भी फैल रहा है। इसके अलावा कई जगह सीवरेज के चेंबर भी खुले हुए हैं। ऐसे में वाहनों के चक्के इसमें फंस रहे हैं। बाइक सवार इनमें गिरकर घायल हो रहे हैं। इसके बाद भी नगर निगम और पीड्ब्ल्यूडी के अफसर शहर की खराब सड़कों को सुधारने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बल्कि मरम्मत के नाम पर गड्ढों में गिट्टी-सीमेंट के मलबे को डाला जा रहा है। ये मलबा बारिश के साथ ही उधड़कर छोटे गड्ढे को बड़ा आकार दे देते हैं, जिससे सड़क पर चलने वालों की परेशानी बढ़ जाती है।

### कुदूदण्ड: सड़क सालों से खराब

नेहरू चौक इदरा सेतु पुल के पास से कुदूदण्ड जाने वाली सड़क सालों से खराब है। यहां पिछले दिनों अमृत मिशन के लिए पाइप लाइन बिछाने सड़क खोदी गई थी। जिसके बाद आई तुलजा भवनी मंदिर से लेकर कुदूदण्ड माता चौरा तक सड़क बेहत खराब है। कुदूदण्ड से पानी टंकी और सर्किट हाउस जाने वाले मोड़ पर चेंबर बना दिया गया है, जिसके कारण हादसे की आशंका बढ़ गई है।

### मंगला: सड़क में कीचड़

नगर निगम ने हाल ही में मंगला सड़क को चौड़ा करने यहां से बेजा कब्जा हटाया है। अब इस सड़क के किनारे नाली तैयार कर वहां सड़क बनाने का काम भी कराया जाना है। वर्तमान में मंगला चौक से लेकर मंगला आजाद चौक तक सड़क जर्जर है। यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। अब बारिश में पुरानी सड़क के डामर को उखाड़ा जा रहा है, जिसके चलते यहां कीचड़ फैल रहा है।

### उसलापुर: सड़क में भरा पानी

उसलापुर ओवरब्रिज के बाद मुख्यमार्ग में सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। लेकिन ब्रिज के नीचे से कॉलोनियों में जाने वाला रास्ता खराब है। यहां गड्ढे इतने बड़े-बड़े हो गए हैं कि इसमें बारिश के बार पानी जमा हो रहा है। इसी रास्ते से ब्रिज के नीचे दर्जनों कॉलोनियों में रहने वाले हजारों लोग प्रतिदिन आवगमन कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार दो मामलों का हुआ पर्दाफाश

**बिलासपुर।** चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर और बैग जब्त किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया । सिरगिट्टी पुलिस की पेट्रोलिंग टीम बुधवार को गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास कर रहा था। युवक की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तिफरा में रहने वाले विमल सूर्यवंशी (32) को पुलिस पकड़कर थाने ले आई। यहां कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने तिफरा के मकान से एलईडी टीवी, गैस सिलिंडर, सोने का लाकेट और नकदी चोरी करना बताया। साथ ही बन्नाक चौक से जिंस और अन्य सामान चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपित युवक के कब्जे से चोरी का सामान जब्त किया है। नकद रकम उसने खाने-पीने में उड़ा दी थी। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया है।

## अचानक गाड़ी रोकने से मना किया तो आटो चालकों ने मिलकर पीटा

**बिलासपुर।** चलते चलते अचानक गाड़ी रोकने पर बाइक सवार ने मना किया तो आटो चालक ने गुंडागर्दी करते हुए उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 27 खोली निवासी दीपक कुमार कश्यप सिंधी कालोनी में मोबाइल दुकान चलाते हैं। 25 जून को वे राजीव प्लाजा से मगरपारा होते हुए इंदु चौक की ओर जा रहे थे। इंदु चौक के पास आटो क्रमांक सीजी 10 एबी, 7468 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए अचानक आटो रोक दिया, जिससे वे बाल बाल बच गए। उन्होंने आटो चालक से अचानक गाड़ी रोकने का कारण पूछा तो आटो चालक उनके साथ मारपीट करने लगा। इस बीच उसका एक अन्य आटो वाला साथी आ गया और उसने भी मारपीट की। पुलिस ने दीपक कश्यप की रिपोर्ट पर हमलावर आटो चालकों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

